हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026



# रानीसागर-बूढ़ासागर के लिए 35 करोड़, चौकी से मोहारा में पानी लाने 174 करोड़ का प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी कहे जाने वाले राजनांदगांव शहर की तस्वीर बदलने के लिए करीब एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जिसमें रानीसागर- बूढ़ासागर को पुर्नजीवित करने के लिए जहां 36 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। वहीं चौकी से मोहारा तक पानी लाने के लिए 125 करोड़ के प्रस्ताव को भी शामिल किया गया है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासो से शहर में सरकारी कर्मियों के लिए आवास, मार्डन तहसील कार्यालय सहित कई सौगातें भी मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा विधानसभा में पेश किए गए बजट में इस बार राजनांदगांव शहर को कई बड़ी सौगातें मिली है। राजनांदगांव जिले के लिए 1000 करोड़ रुपए के विकास कामों का प्रावधान किया गया है। जिसमें जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास हेतु इस बजट में लगभग 250 करोड़ रुपए की अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 20 करोड़, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 20 करोड़ रुपए, नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत 60 करोड़, लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लगभग 200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को जगह दी गई है। बजट में अधोसंरचना को मजबूती देते 3 नवीन भवन निर्माण कार्यों हेतु लगभग 10 करोड़ 21 लाख रुपए से अधिक तथा 24 नवीन सड़क ⏩ शेष पेज 12 पर

## विस अध्यक्ष के प्रयासों से शहर को बजट में मिली कई सौगातें

### हॉकी स्टेडियम में लगेगी फ्लड लाईट

हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में टर्फ रिप्लेसमेंट, विद्युतीकरण एवं फ्लड लाईट हेतु 8 करोड़ 80 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। इसी तरह दिग्विजय स्टेडियम में इंडोर बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार हेतु 6 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा राजनांदगांव में इंडस्ट्रियल फैसिलीटेशन हेतु 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह राजनांदगांव के ऐतिहासिक रानीसागर एवं बूढ़ासागर के पुनर्विकास हेतु बजट में 35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। रेलवे क्रॉसिंग गौरीनगर से सरकारी प्रेस तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 11 करोड़ रुपए दिए गए हैं।



### विकसित होगा राजनांदगांव



यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को धरातल पर साकार करने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। बजट में जिले के करीब एक हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव को शामिल किया गया है। इसके लिए सीएम विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करता हूं। निश्चित ही इस बजट से राजनांदगांव की तस्वीर बदलेगी और यह विकसित शहर के रूप में जाना और पहचाना जाएगा।

- डॉ. रमन सिंह, विस अध्यक्ष

## खबर संक्षेप

### वाद-विवाद पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**राजनांदगांव।** घर में आए दिन वाद-विवाद करने की सूचना पर पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 25 फरवरी को ग्राम सुरगी की एक महिला द्वारा पुलिस चौकी सुरगी में फोन के माध्यम से सूचना दी गई कि उसका पति जगतराम साहू नशा सेवन कर घर में आए दिन वाद-विवाद एवं झगड़ा करता है तथा आज भी नशे की हालत में परिवारजनों से विवाद कर रहा है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शिकायत का सत्यापन एवं पूछताछ की गई। उक्त कृत्य से क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना निर्मित हो रही थी।

स्थिति की गंभीरता को देखते जगतराम साहू 53 वर्ष निवासी सुरगी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया तथा धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन, पकड़े गए



**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के मामले में गैंदाटोला पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने के मामले में पुलिस ने 24 फरवरी को आरोपी नुमेश गंधर्व 26 साल ग्राम गैंदाटोला, ओमकेश्वेर कंवर 24 साल गैंदाटोला, डालेश्ववर पड़ौती 28 साल ग्राम गैंदाटोला, दीपक ठाकुर 40 साल ग्राम गैंदाटोला के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया।

## पीएमश्री स्कूलों की 24 बिंदुओं के आधार पर होगी जांच

# पीएमश्री स्कूलों का आडिट करने आएगी केंद्र से अफसरों की टीम

### जांच के दौरान 5 से 7 घंटे बिताएंगे अफसर, बारीकी से परखेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

जिले में संचालित पीएमश्री स्कूलों की प्रगति जांचने जल्द ही राष्ट्रीय स्तर से अफसरों की टीम आने वाली है। अफसरों की यह टीम जिले की सभी पीएमश्री स्कूलों में दस्तक देकर वहां 24 बिंदुओं के आधार पर जांच करेगी। जिसके अनुसार यह तय किया जाएगा कि जिले में स्कूलों के संचालन को लेकर कितनी गंभीरता बरती जा रही है। इधर टीम के आने से पहले शिक्षा विभाग ने स्थिति दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। बताया गया कि जिले की अधिकांश पीएमश्री स्कूलों में स्थिति पहले से काफी बेहतर हो गई है।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले सहित प्रदेशभर में संचालित पीएमश्री स्कूलों की व्यवस्थाओं की केंद्र स्तर से सख्त समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं। भारत सरकार के सचिव स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रदेश के 341 पीएमश्री स्कूलों की 24 बिंदुओं पर आकस्मिक निरीक्षण की जाएगी। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के साथ ही प्रदेश एवं जिला स्तर के अफसर भी शामिल रहेंगे। इधर केंद्र से आने वाली टीम को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने सभी पीएमश्री स्कूलों में हालत सुधारने एक अभियान भी चलाया है। जिसके तहत जरुरत की चीजों में सुधार किया जा रहा है।



### हर साल आ रहा लाखों का फंड

केंद्र की महत्वकांक्षी योजनाओं में शामिल पीएमश्री स्कूलों के संचालन के लिए हर साल लाखों रुपए का फंड भी उपलब्ध कराया जा रहा है। बताया गया कि हाई सेकंडरी स्कूलों के लिए हर साल 15 से 25 लाख रुपए एवं प्राईमरी स्कूलों के लिए 2 से 5 लाख रुपए का फंड जारी किया जा रहा है। जिससे स्कूलों का संचालन बेहतर तरीके से हो पाए।

### जिले में 4 हाई, 7 प्राईमरी स्कूलें

मिली जानकारी के अनुसार जिले में आकस्मिक निरीक्षण को देखते हुए कुल 11 स्कूलों में तैयारियां की गई है। इनमें राजनांदगांव, डोंगरगढ़, छुरिया और डोंगरगांव स्थित पीएमश्री स्कूलों के साथ ही कोपेडीह, हरदी, अम्लीडीह, मोरटुकुम, कंडरापारा, डुंडेरा स्कूल शामिल है। बताया गया कि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान एक स्कूल में अफसरों की टीम 5 से 7 घंटे का समय देगी। इस दौरान सभी बिंदुओं पर बारिकी से जांच की जाएगी।

### कुछ बिंदुओं पर काम की आवश्यकता

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन 24 बिंदुओं पर जांच होनी है, उनमें अधिकांश बिंदुओं पर शिक्षा विभाग द्वारा काम कर लिया गया है, लेकिन इसके बावजूद कुछ बिंदुओं पर अभी काम करना शेष है। इसके साथ ही जिले की किसी भी पीएमश्री स्कूल में अब तक चाइल्ड ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग शुरु नहीं हो पाया है, जबकि यह जरुरी बताया गया है।

### इन बिंदुओं के आधार पर होगी जांच

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जांच के दायरे में फुली इक्विप्ड अटल टिंकरिंग लैब, स्मार्ट क्लास रूम, स्किल एजुकेशन, इंटरनेट सुविधा, लाइब्रेरी, फिजिक्स-केमिस्ट्री-बायोलॉजी लैब, खेल मैदान, ग्रीन स्कूल फीचर्स, स्कूल इनोवेशन काउंसिल, मिशन लाइफ के तहत यूथ एवं इको क्लब, शिक्षक क्षमता निर्माण, जादुई पिटारा। टीएलएम का उपयोग, करियर काउंसलिंग, छात्राओं के लिए सेल्फ-डिफेंस प्रशिक्षण, फर्नीचर उपलब्धता, चाइल्ड ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर, आईडी कार्ड वितरण, हैंडवॉशिंग और टॉयलेट व्यवस्था, बैगलेस-डे और पीएमश्री लोगो-नेम शामिल है।

# होली से पहले एक्शन में जिले की पुलिस, चालीस असामाजिक तत्वों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



समीप होली पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस एक्शन मोड पर है। बीती रात 60 से अधिक पुलिस जवानों ने कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान 40 से अधिक असामाजिक तत्वों की चेकिंग की गई। पुलिस के इस अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आगामी होली त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जिले में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो एवं एसडीओपी डोंगरगांव मंजूलता बाज के पर्यवेक्षण में किया गया।

**संदिग्ध गतिविधियों की दें जानकारी**

पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि होली पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस के अनुसार जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस की सतत निगरानी एवं कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस के इस अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

### गश्त में 60 अधिकारी व जवान रहे शामिल

इस अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली, बसंतपुर, डोंगरगांव एवं चौकी चिखली प्रभारी द्वारा अपने-अपने दलबल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र के अड्डेबाजी स्थलों, आउटर एवं शहरी क्षेत्रों में सघन जांच की गई।कॉम्बिंग गश्त के दौरान गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश एवं असामाजिक तत्वों के घरों पर जाकर सत्यापन किया गया। कुल 40 से अधिक व्यक्तियों की जांच कर आवश्यक समझाइश एवं वैधानिक कार्रवाई की गई।साथ ही क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की भी सघन चेकिंग कर पूछताछ की गई। इस विशेष अभियान में 60 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# ऑइल टैंकर में लगी आग, अफरा-तफरी के बीच एनएच में लगी वाहनों की कतार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर के रायपुर नाका के समीप आज सुबह लगभग 4 बजे रायपुर की ओर से नागपुर की ओर जा रही एक ऑईल टैंकर में अचानक आग लग गई। चंद मिनट में ही आग की लपटे बढ़ने लगी और टैंकर का चालक मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और तत्काल फायर ब्रिगेड बुलाया गया। आगजनी के बीच टैंकर में तेल भरे होने की आशंका के चलते अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी, लेकिन टैंकर खाली मिलने से राहत की सांस आई। कुछ देर की मशक्कत के बाद टैंकर में लगी इस आग पर काबू पाया गया।





**समय रहते आग पर काबू:** ट्रक में आग लगने की वजह से काफी देर तक सड़क जाम हो गया था। इस दौरान पुलिस ने ट्रक को क्रेन की मदद से सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया। समय रहते आग पर काबू पाने के चलते टैंकर की आग को केबिन से बाहर फैलने से बचाया जा सका।

### टक्कर के बाद लगी आग

बताया जा रहा है कि ऑइल टैंकर के सामने चल रहे एक ट्रक से टैंकर की हल्की टक्कर हो गई और इसके बाद शॉर्ट-सर्किट होने से इंजन में आग लग गई। आग की लपटें ट्रक के केबिन में पहुंचते ही टैंकर चालक ने अपनी जान बचाने के लिए तत्काल केबिन से बाहर निकलकर भयवश मौके से फरार हो गया।

# आठ सूत्रीय मांग, मजदूर संघ ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते एक रैली निकाली। वहीं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।



बीते दिनों पुरी उड़ीसा में आयोजित हुए भारतीय मजदूर संघ के 21वें अधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुसार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवा ने कहा कि श्रमिकों को मिलने वाला उनका अधिकार छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि इपीएफ में अंशदान की बढ़ोत्तरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है । उन्होंने शासन से मांग करते कहा कि श्रम कल्याण मंडल से मजदूरों को मिलने वाले औजार किट, साइकिल और सिलाई मशीन योजना पुनः प्रारंभ की जाए।

### सभी श्रम कानून लागू करने की मांग

भारतीय मजदूर संघ द्वारा अपने राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत स्कीम वर्कर और ठेका श्रमिकों का स्थायीकरण, बोनस, श्रम कानून लागू करने, त्रिपक्षीय तंत्र का पुर्नउद्धार और सुदृढ़ीकरण, ईपीएफ -95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 1000 से बढ़कर 7500 रुपए महंगाई भत्ते राहत के साथ लागू करने सहित अन्य मांगे रखी है।

## बनाए गए शहर के ऐतिहासिक धरोहरों के चित्र लोगों को कर रहे आकर्षित

# सर्वेक्षण के लिए जुटा निगम, प्रमुख स्थलों में चित्रकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को बेहतर अंक दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में वॉल पेंटिंग की जा रही है। शहर के कमला कॉलेज की दीवार पर खेल, कला, साहित्य सहित शहर के प्रमुख स्थलों की चित्रकारी की जा रही है।

स्वच्छता और अपशिष्ठ प्रबंधन पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने नगर निगम की तैयारी जोरों पर चल रही है। महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी स्वच्छता के क्षेत्र में शहर को बेहतर रैकिंग दिलाने व्यवस्था बना रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर स्वच्छता निरीक्षकों को प्रतिदिन मानिटरिंग करने निर्देशित किया गया है।



स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत कमला कॉलेज रोड में किए जा रहे वॉल पेंटिंग में शहर के प्रमुख स्थलों की चित्रकारी की जा रही है। जिसमें दिग्विजय स्टेडियम, दिग्विजय कॉलेज, सुभाष द्वार, नगर निगम, तहसील कार्यालय, जलघर, जिले को गौरवान्वित करने वाले स्थानीय खिलाड़ी सहित विभिन्न स्थलों की आकर्षण चित्रकारी की जा रही है।



### बीते वर्ष मिला बेहतर रैंकिंग

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में राजनांदगांव नगर निगम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते भारत में 14वां स्थान और छत्तीसगढ़ प्रदेश में 6वां स्थान प्राप्त किया था। स्वच्छता में किए गए बेहतर प्रबंधन के चलते बीते वर्ष लंबी छलांग लगाकर शहर ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एक बार फिर अब 2025-26 के स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने के लिए निगम का अमला जुटा हुआ है।

### चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए शहर के सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत कार्य भी कराया जा रहा है। वहीं शौचालय के समीप स्वच्छता से संबंधित वॉल पेंटिंग भी कराई जा रही है। चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। वहीं व्यवसायिक क्षेत्रों में रोड किनारे पेवर ब्लॉक लगाकर फुटपाथ बनाया जा रहा है। इसके साथ ही कचरा संग्रहण केन्द्रों में रंग-रोगन का कार्य भी किया जा रहा है। नालियों में जाली लगाई जा रही है। तालाबों एवं उद्यानों में डस्टबिन रखा जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### फाग गायन स्पर्धा 28 से

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग महोत्सव का आयोजन आगामी 28 फरवरी एवं 1 मार्च को रखा गया है। विजेता मंडली को झांकी वर्ग में क्रमशः 5555, 4444, 3333, 2222, 1111, रचना वर्ग में 4444, 3333, 2222, 1555, 1111 रूपए रखा गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिपं सदस्य किरण विनोद बारले, सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, विरेन्द्र हिरवानी, मिथलेश साहू, प्रमोद दुबे, ललित साहू, जेआर साहू आदि की मौजूदगी में होगा। समापन के मुख्य अतिथि भुनेश्वर शोभा राम बघेल होंगे।

### तुमडीबोड़ की बेटी ने बढ़ाया मान



**तुमडीबोड़।** गांव के मानसिंग यादव की पुत्री भगवती यादव ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। भगवती अब छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कर्नाटक जाएगी। इस उपलब्धि पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, निवेदन साहू, जितेन्द्र सिन्हा, प्रभात साहू एवं टीकम पटेल आदि ने बधाई दी है।

### अनुशंसा के बाद भी भुगतान में विलंब, कूटरचना का आरोप

# नपं के दो सीएमओ सहित तीन अन्य आए कार्रवाई के दायरे में

## विधायक ने विस में उठाया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय नगर पंचायत के 5 अधिकारी- कर्मचारी कार्रवाई के दायरे में आ गए है। इस आशय की जानकारी विधायक के सवाल का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री ने दी। इससे पहले इसी तरह की बड़ी डोंगरगढ़ नगर पालिका में भी हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में तमाम प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी दो साल से विभिन्न कार्यों का भुगतान लंबित है। इस संबंध में विधायक दलेश्वर साहू ने विधानसभा के पिछले सत्र में ध्यानाकर्षण सूचना पेश किया था। जिसके जवाब के आधार पर वर्तमान सत्र में तारांकित प्रश्न लगाया है। नगरीय प्रशासन मंत्री के जवाब से साफ हो गया है कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुए कूटरचना किया गया है। जानकारी के अनुसार विधायक साहू ने स्थानीय नगर पंचायत में लंबित भुगतान और भुगतान के पूर्व होने वाली प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया था। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जवाब में बताया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास, संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक ने 22 जुलाई 2024 को अंतिम देयक अनुशंसा पत्र जारी किया था। जारी अनुशंसा पत्र में 39 कार्यों से भिन्न अन्य 10 कार्यों हेतु भुगतान की अनुशंसा की गई थी जबकि मूल अनुशंसा पत्र में उल्लेखित 10 कार्य सम्मिलित नहीं थे। कूटरचना कर 39 कार्यों हेतु अनुशंसा पत्र के संबंध में तत्कालीन प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी दादूसिंह पाल, उप अभियंता चन्द्रशेखर सारथी, रेखलाल सिन्हा तथा तत्कालीन लेखपाल और मौजूदा प्रभारी सीएमओ विनम्र जेमा एवं लेखपाल विवेकसिंह भारद्वाज के उत्तरदायी होने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित है।




### अनुशंसा के बाद भुगतान नहीं

मंत्री ने बताया कि 39 में से 7 कार्यों का अंतिम देयक भुगतान हेतु लंबित था। लंबित में से 3 कार्य का भुगतान किया गया है, जिसमे किसान सभा गृह निर्माण का अंतिम देयक भुगतान 19 सितंबर 25, वार्ड 2 में हनुमान मंदिर से सुशीला कोरे घर तक सीसी रोड का अंतिम भुगतान 7 नवंबर 25, वार्ड 11 में रोहित गुप्ता के सामने से राकेश देवांगन से गौठान तक सीसी रोड का अंतिम भुगतान 7 नवंबर 25 को किया गया है। अन्य 4 कार्यों का अंतिम देयक भुगतान लंबित है।

### यह दस्तावेज आवश्यक

मंत्री ने बताया कि उक्त कार्यों के अंतिम देयक हेतु क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग को प्रेषित करने के पहले मूल्यांकन/माप-पुस्तिका, छग नपा लेखा नियम 1971 के अंतर्गत प्रारूप 90, प्रारूप 91, नस्ती जिसमें प्रशासकीय स्वीकृति, निविदा आमंत्रण प्रति, समाचार पत्र में प्रकाशन की प्रति, निविदा समिति की कार्यवाही, वित्तीय स्वीकृति, अनुबंध, कार्यादेश एवं कार्य का फोटोग्राफ्स संलग्न होता है। नगर पंचायत अभियंता के माध्यम से प्रस्तुत दस्तावेजों के मूल्यांकन एवं सत्यापन और परीक्षण पश्चात अंतिम देयक की सक्षम तकनीकी अधिकारी द्वारा अंतिम देयक भुगतान की अनुशंसा की जाती है।

### भाजपा पार्षद भी हलाकान

नगर पंचायत की कार्यप्रणाली से सत्तारूढ़ भाजपा के पार्षद अपने निर्वाचन के बाद से परेशान है। बताया जाता हे कि बहुसंख्यक पार्षद शासन और संगठन स्तर पर लगातार शिकायत करते आ रहे है। एक पार्षद तो धरने पर भी बैठ चुका है वहीं उप मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान भी शिकायत की गई थी, किंतु कुछ लोगों का अधिकारी को संरक्षण होने के कारण अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली से संगठन से जुड़े लोग भी असंतुष्ट है। बीते दिनों आयोजित कार्यशाला में कुछ लोगों ने अपना विरोध जता चुके हैं।

# स्कूलों के आसपास जमकर शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

ग्राम में संचालित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के आसपास शाम ढलते ही असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। यहां शराबियों को खुले आम शराब पीते देखा जाता है।

सीसीटीवी कैमरे में शराब पीते, मांस मटन खाते लोगों को देखा गया है। इसी प्रकार सरस्वती शिशु मंदिर के पास रात्रि 9-10 बजे तक असमाजिक तत्वों को बैठे पाया जा सकता है। यह लोग विद्यालय के आस पास शराब की बोतल, पानी पाउच, पत्तल फ़ैला देते हैं जिससे बच्चों को परेशानी होती है।

### जहां तहां बिक रही शराब

गांव में बढती शराबखोरी का मुख्य कारण अवैध शराब की खुलेआम बिक्री है।ग्राम के चौक चौराहों पर खुलेआम शराब बेचते देखा जा सकता है, जिसके कारण असमाजिक तत्वों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि स्कूल परिसर या सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करना कानूनी रूप से अपराध है जिसकी लगातार अनदेखी की जा रही है।

### स्कूल में चोरी की घटनाएं

जानकारी के अनुसार विद्यालय में ताला टूटने, ऐंगल चोरी होने, कैमरे तोड़ने जैसी घटनाएं हो चुकी है जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है किन्तु आरोपियों को पकड़ने में पुलिस असफल रही है। ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर के आसपास शराब पीने वालों एवं देर रात्रि तक घुमने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

### युवा मोर्चा अध्यक्ष का स्वागत

**साल्हेवारा।** भाजयुमो के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आयश सिंह के प्रथम ग्राम



आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने मिला। इस दौरान बालकृष्ण जंघेल, भानुप्रताप साहू, ऋषभ सिंह, अनीश दाढू, कमलेश साहू, पवन कुमार, वेदांश सिंह, मोनू बहादुर, चमन राज वर्मा, शत्रुघ्न साहू, ललित सोनी, महेंद्र यादव, पारस ठाकरे, सकुन यादव, सुनीता साहू, तारा, सतीश वर्मा, उमेश मरकाम, शुभम पटेल, पवार मरावी, ओमप्रकाश, करण पटेल, कुणाल मरकाम, विष्णु ठाकुर, दशरथ पटेल सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान श्री सिंह ने संगठन को अधिक मजबूत बनाने तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने कहा।

# किसी ने की सराहना तो किसी ने बजट को बताया निराशाजनक

- सरकार के तीसरे बजट पर जनप्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तीसरा बजट आर्थिक विकास की गति को तेज करने तथा विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर मंगलवार को प्रस्तुत किया। बजट की कोई प्रशंसा कर रहा है तो वहीं कांग्रेसी नेता इसे निराशा जनक बताकर नकार रहे हैं।

### शिक्षा का स्तर सुधरेगा



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि यह बजट मजदूर, छात्र, किसान, महिला एवं मध्यम वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। बजट विकसित भारत निर्माण के लक्ष्य लेकर बनाया गया है जो शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के साथ मजदूर, छोटे किसान तथा मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति को मजबुत करेगा।

### नारी शक्ति का सम्मान



जनपद सभापति ज्योति जंघेल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें नारी शक्ति का सम्मान किया गया है। बजट शहर एवं ग्रामीण में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि दिशा पर संतुलित विकास करने के उद्देश्य से बनाया गया है। मितानिन कल्याण निधि के लिए 350 करोड़ तथा महतारी सदन बनाने के लिए 75 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### सपना साकार करने वाला



सभापति डोमार सिंह भेड़िया ने बजट को गरीबों का सपना साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि दलहन तिलहन फसलों को प्रोत्साहन तथा खाद की पर्याप्त उपलब्धता से किसान की आय दोगुनी करने में सहायता मिलेगी। बजट में लघु उद्योग को भी प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव है। यह गरीब मध्यम वर्ग के लिऐ काफी राहत भरा है।

### निराशाजनक बजट



जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि विजय वर्मा ने बजट को निराशा जनक बताया है। उन्होंने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने के लिए बजट में कुछ नहीं है। यह बजट बेरोजगार युवा, मजदूर, भूमिहीन, छोटे कृषक को छलने वाला है। मध्यम वर्ग को भी कोई राहत नहीं मिलेगी। विकास के लिए कोई खास प्रावधान नहीं है।

### छलने वाला बजट



प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने कहा कि राज्य का तीसरा बजट भी लोगों को छलने वाला है। विकास कार्यों को दरकिनार कर भटकाने वाला बजट है। सरकार का विकास चार्ट कागजों में भी सिमट कर रह जायेगा। इस बजट से आम लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होगी। गरीब, मजदूर, किसानों के लिऐ बजट में कुछ नहीं है।

### दूरदर्शी लक्ष्य वाला बजट



छुईखदान सरंपच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल ने बजट का स्वागत कर करते हुए कहा कि बजट दूरदर्शी है, जो युवा, महिलाओं को नई दिशा देने वाला है। जिसका प्रतिफल आने वाले समय में सकारात्मक रूप से देखने मिलेगा। युवाओं को रोजागार और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण करने में सहायक होगा।

### महंगाई पर न राहत, न रोजगार



कांग्रेसी नेता संतोष यदु ने बजट को मंहगाई को और बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवाओं को रोजगार देने कोई प्रावधान नहीं लाया गया है। ग्रारंटी के नाम पर समाज के सभी वर्ग को ठगा जा रहा है। आधारभुत विकास कार्यों के जगह दिशाहिन योजना को प्राथमिकता दिया जा रहा है।

### बजट से बदलेगी तस्वीर



**खड़गांव।** भाजपा नेता चेतन साहू ने बजट को ऐतिहासिक और राज्य की तस्वीर बदलने वाला बताया है। उन्होंने संकल्प बजट की संज्ञा देते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और आमजन के जीवन में समृद्धि लाने वाला ठोस दस्तावेज है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री की कुशलता से तैयार बजट सर्वांगीण विकास की आधारशिला है।

### विकास को मिलेगी गति



जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू ने बजट को सर्वसमावेशी और युवाओं के सुनहरा भविष्य में बताते हुए कहा कि वह गुड गवर्नेस, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर केंद्रित है। बजट में विकास की अवधारणा के मूल आधार स्तंभों का संयोजन किया गया है। बजट शिक्षा, कौशल, नवाचार और रोजगार के ठोस अवसरों का मार्ग प्रशस्त करता है।

# ट्रेजरी के अधिकार में कटौती



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिस ट्रेज़री को हटाने पर 1953 में छुईखदान के पांच सपूतों ने जान गंवाया वही इतिहास दोहराने की तैयारी चल रहा है, जिसे लेकर अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन देकर आदेश निरस्त करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार संचालनालय कोष एवं लेखा छग ने 11 फरवरी को एक पत्र जारी किया है जिसके अनुसार उप कोषालयों में संचालित दृढ कक्ष को सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित जिला कोषालयों के दृढ़ कक्ष में स्थानांतरित करने का उल्लेख है। जारी पत्र के अनुसार तहसील स्तर पर अब न्याय शुल्क और न्यायालय में उपयोग किए जाने वाले न्याय शुल्क टिकट की उपलब्धता समाप्त हो जाएगी।

### जिला मुख्यालय पर निर्भरता

अधिवक्ता संघ ने पत्र के माध्यम से लिखा है कि राज्य शासन के उक्त निर्णय के अनुसार तहसील स्तर के अर्जीनवीसों, अधिवक्तागणों को स्टाम्प, न्याय शुल्क स्टाम्प और न्याय शुल्क टिकट के लिए जिला पर निर्भर होना पड़ेगा, जिसके चलते उन्हे राशि खर्च करने के अतिरिक्त समय का भी व्यय करना पड़ेगा। राज्य शासन के इस निर्णय का अधिवक्ता संघ छुईखदान ने विरोध करते हुए उक्त निर्णय को यथाशीघ्र वापस लेने की मांग की है। उनकी मांग है कि अर्जीनवीसों के लिए स्टाम्प की व्यवस्था, अधिवक्तागणों के लिए न्याय शुल्क स्टाम्प और न्याय शुल्क टिकट की व्यवस्था उप कोषालय स्तर पर यथावत रखा जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर अधिवक्तागणों को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अधिवक्ता संघ ने कहा कि संचालनय कोष एवं लेखा छ.ग. के उपरांकित पत्र पर पुर्नविचार करते हुए शासन के उक्त निर्णय को वापस कर तहसील स्तर पर ही स्टाम्प, न्याय शुल्क स्टाम्प और न्याय शुल्क टिकट की व्यवस्था को यथावत रखने का आदेश जारी करना चाहिए।

# करोड़ों के विकास कार्य हुए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



विधायक भोलाराम साहू के प्रयासों से बजट में करोड़ों के निर्माण एवं विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, जलाशय जीर्णोद्धार एवं बैराज परियोजनाओं सहित अन्य के लिए राशि स्वीकृत होने से विकास की नई गति मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार पांडुका, बैरागीभेड़ी, सिगरायटोला, मांझीटोला एवं अंबागढ़ चौकी में प्राथमिक शाला भवन निर्माण हेतु लगभग 11.48 लाख प्रति भवन स्वीकृत किया गया है। भड़सेना में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के लिए 121.16 लाख की स्वीकृति मिली है।

### सिंचाई परियोजनाओं पर ध्यान

जानकारी के अनुसार घुमरिया नाला बैराज सूक्ष्म सिंचाई योजना हेतु 3 करोड़, बहोरनभेड़ी एनीकट योजना 796.36 लाख, चोरहाबंजारी एनीकट 176.54 लाख के अलावा घोटिया, कोलियारी, आयबांधा, पिनकापार आदि के जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग कार्य को स्वीकृति मिली है। इसी प्रकार मोंगरा बैराज परियोजना अंतर्गत बायीं एवं दायीं तट नहरों के निर्माण, सीसी लाइनिंग, टनल मरम्मत, शाखा नहर निर्माण, जल संवर्धन, निरीक्षण गृह निर्माण एवं गेट मरम्मत सहित अन्य कार्यों की स्वीकृति दी गई है।

### सड़क एवं पुल का होगा निर्माण

क्षेत्र में दर्जनों सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य स्वीकृत हुए हैं जिसमें गुंडरदेही उमरवाही- मटिया- करमरी मार्ग के लिए 1040 लाख, गैदाटोला खोभा मार्ग 1400 लाख, अरसीटोला गैंदाटोला मार्ग 673.55 लाख, कौड़टोला- भर्रीटोला मार्ग के लिए 730 लाख स्वीकृत हुआ है। इसके अतिरिक्त मगरधोखरा-झिथराटोला, साल्हे-चांदो शिवनाथ नदी पर पुल, कुसुमकसा मार्ग पर पुल निर्माण का प्रावधान किया गया है।

### फाग प्रतियोगिता 28 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

ग्राम चेंदरीबन नवागांव में आगामी 28 फरवरी एवं 1 मार्च को फाग प्रतियोगिता का आयोजन अभिनव युवा मंडल फाग समिति एंव ग्रामवासियों ने किया है। यह जानकारी समिति अध्यक्ष आकाश यादव ने देते हुए ग्रामीणों से शामिल होने की अपील की है।

# अर्जुनी कॉलेज के छात्रों को नई शिक्षा नीति से कराया अवगत




हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एनईपी 2020 के उद्देश्यों, सेमेस्टर पाठ्यक्रमों में होने वाले परिवर्तनों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को एनईपी 2020 के प्रमुख उद्देश्यों एवं विषयों की अनिवार्यता की जानकारी दी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के इतिहास के बारे में बताया गया। एनईपी क्रियान्वयन समिति की समन्वयक कंचन साहू ने पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जनरल इलेक्टिव, वेल्यू एडिशन कोर्स, स्किल डेवलपमेंट कोर्स के महत्व एवं अनिवार्यता से अवगत कराया। संचालन शुभि जैन ने किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, संध्या कुमारी, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे एवं अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू उपस्थित थी।

# योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी




पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास ने 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंगल भवन में किया है। शिविर का शुभारंभ बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद दिलीप कुंभकार, विनोद डेहरिया, मुकेश सिन्हा, ईश्वरी धुर्वे की उपस्थिति में भारत माता की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी डॉ रंजन साहू, अशोक वर्मा, अशोक साहू, सोमदत्त साहू, विजय पांडे, ममता देवांगन, आशीष कसार, ऐश्वर्या राज, लक्ष्मी कोर्राम, वैभव शर्मा, लक्ष्मीकांत हिरवानी, गगन खंडेलवाल, बोठूराम घावड़े, विजय ठाकुर, नेहा खंडेलवाल, संध्या यादव, मोना घीया, राजू खंडेलवाल, उमेश बोरकर, शैल तिवारी, कैलाश बेन पटेल, रेणुका खंडेलवाल, अलका वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। योगाचार्य डीके रामने योग क्लास लिया। संचालन सोमदत्त ने किया। आयोजकों ने नागरिकों से शिविर में शामिल होने का आव्हान किया है।

### पुलिया नहीं होने से लोग परेशान

**खड़गांव।** ग्राम पंचायत दोरबा में माइंस होने के बाद भी उसके आश्रित ग्राम ताड़ो में अब तक पुलिया निर्माण नहीं हो सका है।



गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कर दिया गया है किन्तु पुलिया नहीं बनने से ग्रामीणों को पानी के बीच आवाजाही करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि पुलिया नहीं होने के कारण पूर्व में दुर्घटना भी हो चुकी है और एक व्यक्ति की जान जा चुकी है जिसके बाद भी पुलिया की स्थिति जस के तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने परेशानी को देखते हुए शीघ्र पुलिस निर्माण कराने की मांग की है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### लंबी जांच प्रक्रिया एवं वसूली नोटिस के बाद विभाग ने उठाया कड़ा कदम

# स्वास्थ्य से खेल, लाखों की गड़बड़ी करने वाले सीएमओ वर्मा सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कबीरधाम में नपा सीएमओ रहते गरीब बस्तियों में रहने बसने वालों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले नरेश वर्मा को आखिरकार विभाग ने सस्पेंड कर दिया हालांकि अभी उनकी पदस्थापना बेमेतरा नपा में है, लेकिन लंबी जॉच प्रक्रिया, वसूली नोटिस के बाद आखिरकार विभाग ने कड़ा कदम उठाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर जेडी आफिस दुर्ग अटैच कर दिया है।

जानकरी अनुसार सूडा ने जून 25 मे कवर्धा सीएमओ के रूप में काम करने के दौरान सीएमओ नरेश वर्मा को सीएम शहरी स्लम योजना तहत दवा खरीदी, वितरण और भुगतान प्रक्रिया में वित्तीय हानि के लिए प्रथमदृष्टया दोषी पाते हुए 20 लाख 80 हजार 380 रूपयों की वेतन से वसूली का पत्र जारी किया था जिसके बाद संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने सूडा से मिले दस्तावेजों की विशेषज्ञ टीम से जॉच कराई जिन्होंने दिसंबर 25 को अवर सचिव को प्रेषित अभिमत में लिखा है कि कार्य संचालन सेवा प्रदाता कंपनी पर अर्थदंड की राशि अधिरोपित नही करने से 25 लाख 91 हजार 500 रूपयों की हानि दर्शित है जबकि कबीरधाम जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा 10 जनवरी 22 को जारी पत्र अनुसार पेनाल्टी काटा जाना था। जॉच समिति ने पाया कि कबीरधाम के तत्कालीन सीएमओ नरेश वर्मा ने एमएमयू संचालन एजेंसी को अधिक राशि का भुगतान किया है इसलिए उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कारवाई के अलावा अधिक राशि भुगतान को लेकर एफआईआर कराया जाना चाहिए लेकिन विभाग ने जॉच समिति के प्रस्ताव को दरकिनार करते हुए नियमों के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

#### वसूली के लिए 6 महीने पहले सूडा ने किया था पत्र जारी

कवर्धा नगर पालिका में सीएमओ के रूप में कार्य करने के दौरान नरेश वर्मा पर सीएम स्लम स्वास्थ्य योजना के नोडल अधिकारी होते हुए स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे जनहितकारी प्रोजेक्ट के क्रियांवयन दौरान पीएमयू द्वारा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर दवा खरीदी, वितरण और भुगतान में पारदर्शिता के अभाव में 2 लाख 13 हजार 497 रूपयों का अपव्यय, थर्ड पार्टी आडिट एजेंसी व एरिया मैनेजर द्वारा एमएमयू संचालन एजेंसी पर 17 लाख 7 हजार 880 रूपए और 6 लाख 500 रूपए कुल 23 लाख 8 हजार 380 रूपयों की वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई थी जिसमें से मात्र 2 लाख 28 हजार रूपए अधिरोपित करना पाया गया जबकि शेष राशि लगभग 23 लाख जॉच के दौरान अधिरोपित करना नही पाया गया। राज्य शहरी विकास अभिकरण ने योजना क्रियांवयन में पारदर्शिता का अभाव, वित्तीय अनियमितता को सेवा शर्तों के अधीन कदाचरण की श्रेणी और दायित्व निर्वहन मे लापरवाही साथ उदासीनता का परिचायक मानते हुए उक्त कृत्य को करने का कारण स्पष्ट करने कहा वही प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया कि समय सीमा के भीतर प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नही पाए जाने की स्थिति में पर वित्तीय हानि की वसूली सीएमओ नरेश वर्मा के वेतन अथवा राजस्व वसूली नियमों के प्रावधान तहत किया जाएगा। जांच रिपोर्ट मुताबिक अफसरशाही के इस खेल से सरकारी खजाने को तगड़ा झटका लगा और यह साफ तौर पर वित्तीय अनियमितता और कदाचार की श्रेणी में आता है।

#### पूर्व जिला भाजपा महामंत्री ने उठाई आवाज

मामले का पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक ने खुलासा किया था। उन्होंने प्रकरण संज्ञान में आने के बाद विभागीय अधिकारियों व सरकार के मुखिया तक इस गड़बड़झाले की जानकारी दी जिसके बाद पहले सूडा एक्शन में आया। नरेश वर्मा के खिलाफ बीस लाख से उपर की राशि वसूली का पत्र जारी किया बाद में नगरीय प्रशासन विभाग ने भी मामले की सूडा के विशेषज्ञों से जॉच कराई जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से नरेश वर्मा को वित्तीय हानि का दोषी पाते हुए कठोर अनुशासनात्मक कारवाई के अलावा एफआईआर कराया जाना सही बताया था। रामाधार रजक ने बताया कि सीएम के जनकल्याणकारी योजना के क्रियांवयन सरकारी अधिकारी की लापरवाही की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों सहित सरकार से लगातार पत्र व्यवहार किया, मुलाकात की जिसके बाद अब सरकारी राशि का अनुचित उपयोग करने वाले के खिलाफ सस्पेंशन की कारवाई की गई है।

# प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई

### सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार देने से कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला बने तीन वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन गंडई क्षेत्र आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर खड़ा नजर आ रहा है। जिला स्तरीय सुविधाएं मिलना तो दूर, शासन के हालिया फैसलों ने नगर पंचायत गंडई की प्रशासनिक व्यवस्था को और भी कमजोर कर दिया है। वर्तमान में गंडई नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अविनाश देवांगन को जिला मुख्यालय खैरागढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के कारण गंडई का स्थानीय कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

वार्ड नंबर 15 के पार्षद दिलीप आगरे ने व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार मिलने के बाद गंडई का कार्यालय केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि सीएमओ मुख्यालय में निवास नहीं करते और अपने घर से आना-जाना करते हुए सप्ताह में बमुश्किल दो दिन ही कार्यालय में उपस्थित रहते हैं। उसमें भी उनके आने और जाने का समय निर्धारित नहीं रहता। यही हाल निकाय के इंजीनियर का भी है, जो गंडई में क्वाटर उपलब्ध होने के बावजूद दोपहर 1 बजे कार्यालय आते हैं और शाम 4 बजे निकल जाते हैं। पार्षद ओगरे ने इसे शासन की एक सोची-समझी साजिश करार देते हुए कहा कि गंडई में कांग्रेस का अध्यक्ष होने के चलते निकाय की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।




#### कार्य पेंडिंग, पार्षदों में गहरा असंतोष

वार्ड नंबर 11 के पार्षद यतीश कुंजाम और वार्ड नंबर 5 के पार्षद अमन सोनी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि सीएमओ की अनुपस्थिति के कारण वार्डों के छोटे-बड़े जरूरी कार्य कई दिनों तक लंबित रहते हैं। अमन सोनी ने कहा कि जनता ने हमें चुनकर भेजा है, लेकिन जब हम लोगों की समस्याओं को लेकर नगर पंचायत जाते हैं, तो वहां अधिकारी ही नहीं मिलते। इससे आम नागरिकों के महत्वपूर्ण कागजी कार्य और विकास परियोजनाएं पेंडिंग पड़ी हैं।

#### प्रशासनिक अमला दुरूस्त करने की मांग

इसी क्रम में वार्ड नंबर 1 के पार्षद तामेश्वर साहू ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गंडई में प्रशासनिक अमले को तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी को दो महत्वपूर्ण निकायों का जिम्मा देने से गंडई के हित प्रभावित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कबीर मठ नादिया में संत सम्मेलन 28 से



**खुज्जी।** कबीर मठ नादिया में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन 28 फ़रवरी से 2 मार्च तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में साध्वी सुश्री सुमेधा साहेब देवरी, संत डॉ हरीश साहेब पटना, डॉ. भागीरथी साहेब वाराणसी, रतनस्वरूप साहेब पुर्णिया एवं महंत लेखचंद साहेब मुरमुंदा शामिल होंगे। प्रथम दिवस प्रातः 9 बजे गुरु महिमा एवं बीजक पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। दीप प्रज्वलन के बाद संतो का उदबोधन होगा। दूसरे दिन सत्संग एवं भजन होगा। तृतीय दिवस प्रथम सत्र में सत्संग प्रवचन तथा द्वितीय सत्र में सात्विक ज्ञान यज्ञ चौका आरती संपन्न होगा।

### कैशलेस चिकित्सा के लिए प्राचार्य ने जताया आभार



**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ प्राचार्य संघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला के प्रयास से शासन ने अपने बजट में कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा को शामिल किया। यह निर्णय कर्मचारी और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। बजट में सर्वाधिक राशि स्कूल शिक्षा विभाग के लिए एवं खैरागढ़ जिला में नालंदा परिसर स्थापना किया जाना अति महत्वपूर्ण कदम है जिसका स्वागत करते हुए छग प्राचार्य संगठन के अनिल पाल प्राचार्य मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# प्रज्ञा वैष्णव बनीं न्यायाधीश, खुशी की लहर

- कोहलाटोला की बेटी ने जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



कोहलाटोला की बेटी प्रज्ञा वैष्णव का व्यवहार न्यायाधीश के पद पर चयन हुआ है। उसके चयन से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

छुईखदान से लगे हुए ग्राम के स्व गंगादास वैष्णव की पोती एवं अधिवक्ता भरत दास वैष्णव की पुत्री प्रज्ञा के चयन से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

ग्रामवासियों का कहना है कि कोहलाटोला शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है और यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं।

#### सबसे शिक्षित ग्राम

कोहलाटोला को क्षेत्र का सबसे शिक्षित ग्राम माना जाता है। यहां से सैकड़ों लोग शिक्षक, पटवारी, आरआई, पंचायत सचिव, वकील, खाद्य निरीक्षक, डिप्टी कलेक्टर, प्राचार्य सहित अन्य प्रशासनिक पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। अब प्रज्ञा वैष्णव के न्यायाधीश बनने से गांव को एक नई पहचान मिली है।

#### वैष्णव समाज करेगा सम्मान

इस उपलब्धि पर जिला वैष्णव समाज के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि समाज की बेटी ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। समाज द्वारा शीघ्र ही एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर प्रज्ञा वैष्णव को सम्मान किया जाएगा। प्रेस क्लब के सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, दीपक देशमुख, संजय शर्मा, नीलम वैष्णव, महेंद्रसिंह, अनिल यादव, सन्नी महोबिया, अंकित महोबिया, विक्रम राजपूत, दीनू यदु, देवेश सोनी, शैलेन्द्र तिवारी, दीपक जैन ने प्रज्ञा को बधाई दी है। प्रज्ञा ने बताया कि वह अपने पिता को वकालत करते देखकर न्यायधीश बनने की कल्पना की थी जो साकार हुआ है। उन्होंने इसके लिए अपने माता पिता और ग्रामवासियों को श्रेय दिया है।

# दो दर्जन बसों में 1500 श्रद्धालु रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सामाजिक समरसता और आस्था के प्रतीक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की पावन जन्मस्थल गिरौदपुरी धाम के दर्शन के लिए जिला भाजपा कार्यालय से भव्य तीर्थयात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के लिए 24 बसों में लगभग 1500 श्रद्धालु व सामाजिक बंधु रवाना हुए। ज्ञात हो कि इसी समय में गिरौदपुरी में भव्य रूप से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें यह सभी श्रद्धालु शामिल हो सके। बसों को जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने श्वेत झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय राय, महामंत्री योगेश बंजारे, दादूराम सोनकर, रवि सिन्हा, सुमित भाटिया, तरूण लहरवानी, चिंटू सोनकर, पार्षद केवरा राय, खेमिन यादव, मणिभास्कर गुप्ता, कमलेश प्रजापति, अरुण शुक्ला सहित अन्य सामाजिक एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंगबोरा, ग्वालगुंडी में ग्रिड से बिजली सप्लाई, मिलेगी राहत



**छुईखदान।** विकासखंड के दूरस्थ ग्राम सिंगबोरा एवं ग्वालगुंडी में पहली बार परंपरागत ग्रिड कनेक्टिविटी के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है। जिससे दोनों गांवों में खुशी का माहौल है।

यह कार्य प्रबंध संचालक भीमसिंह कंवर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलेट तथा अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया।

वर्षों से विद्युत सुविधा से वंचित ग्रामीणों के घर अब रोशनी से जगमगा उठे हैं। ग्रिड कनेक्टिविटी मिलने से घरेलू कार्यों में सुगमता आएगी, वहीं बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य सेवाओं और छोटे व्यवसायों को भी नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव में पंखे, टीवी, मोबाइल चार्जिंग जैसी मूलभूत सुविधाएं सहज उपलब्ध होंगी, जिससे जीवन स्तर में सुधार होगा। भविष्य में स्वरोजगार एवं लघु उद्योगों की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# प्रशिक्षण से बदली तकदीर



**छुईखदान।** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के ग्राम जीराटोला निवासी केशलाल मंडावी एक मेहनती और प्रगतिशील किसान हैं। उनके पास कुल 4 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे वर्षों से खरीफ मौसम में धान तथा रबी मौसम में चना की खेती करते आ रहे थे।

पूर्व में वे पारंपरिक पद्धति से खेती करते थे, जिसके कारण उन्हें अपेक्षित उत्पादन और लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा था। बढ़ती लागत और कम उपज के कारण आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार नहीं हो पा रहा था।

वर्ष 2024-25 में उन्होंने कृषि विभाग से संपर्क कर प्रशिक्षण एवं कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में भाग लिया। यहां उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी प्राप्त हुई। इससे प्रेरित होकर उन्होंने अपनी खेती में बदलाव लाने का निर्णय लिया।

कृषि विभाग की रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत उन्होंने खरीफ मौसम में 1 हेक्टेयर क्षेत्र में उड़द फसल प्रदर्शन तथा रबी मौसम में 1 हेक्टेयर क्षेत्र में चना फसल प्रदर्शन किया। विभाग द्वारा उन्हें बीज एवं दवाइयों सहित आवश्यक आदान सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा समय-समय पर प्रशिक्षण देकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वैज्ञानिक पद्धति अपनाने से उनकी फसल का उत्पादन पहले की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा। कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ से खेती लाभकारी बनी है। वे अन्य किसानों से भी अपील करते हैं कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक तकनीकों को अपनाएं और अपनी आय में वृद्धि करें।

# गर्मी की तैयारी सहित अन्य विषयों को लेकर हुई टीएल बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जनगणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया साथ ही शासन की प्राथमिकता वाले विषयों पर गंभीरता से चर्चा की।

जनगणना को शासन की महत्वपूर्ण व व्यापक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्रत्येक परिवार और व्यक्ति की सही व अद्यतन जानकारी संकलित की जाएगी, जो भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में आधार का कार्य करती है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और मैदानी अमले को समय पूर्व प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के लिए प्रगणकों के रूप में यथासंभव केवल प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को ही नियोजित किया जाए। उच्च व उच्चतर माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शासन की अनुमति के बिना नियोजित न किया जाए। साथ ही प्रथम चरण में नियोजित प्रगणकों को ही द्वितीय चरण में भी प्राथमिकता से नियोजित किया जाए जिससे कार्य में निरंतरता व गुणवत्ता बनी रहे।



#### बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर सख्ती

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर सख्ती से रोक लगाने तथा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के अलावा वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने कहा। वही पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने हितग्राही मूलक सभी कार्य 31 मार्च 26 तक पूरा करने कहा। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने सभी अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समन्वय स्थापित कर कार्य करने, समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन राज, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

बैठक में मुख्य सचिव द्वारा पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस और ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया और कहा कि अधिकारी सोमवार से बुधवार को कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित रहे। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पीएचई को पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हीट वेव की संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी रखने, जनजागरूकता अभियान चलाने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने कहा। बैठक में चावल उत्सव की प्रगति, धान उठाव की स्थिति, खाद-बीज के भंडारण की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग को किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने जिलों में उपलब्ध आवंटन के विरुद्ध लंबित भुगतान संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण मार्च 26 से पूर्व अनिवार्य रूप से करने कहा। छात्राओं की सुविधा व स्वच्छता की दृष्टि से शालाओं में बालिका शौचालय की उपलब्धता 8 मार्च 26 तक सुनिश्चित करने, पीएम श्री स्कूल के अंतर्गत नामांकित प्रभारी अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार स्कूलों का निरीक्षण करने, चेकलिस्ट अनुरूप सभी कार्य समय-सीमा में संपन्न कराने कहा। साथ ही शिक्षा विभाग को गणवेश, पुस्तक वितरण अनुरूप समय-सीमा में पूरा करने कहा।

### इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कार्यशाला का समापन

# अभिव्यक्ति कौशल विषय पर साहित्यिक शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि के हिंदी विभाग द्वारा ब्लाक के केशला में लोक जागरण और अभिव्यक्ति कौशल विषय पर एक दिवसीय साहित्यिक शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो डॉ राजन यादव की अध्यक्षता मे आयोजित शिविर मे विषय विशेषज्ञ के रूप में समाजसेवी अशोक ओसवाल उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.देवमाईत मिंज, सरपंच कोमल शिवारे, उपसरपंच शिवांश सिंह व पूमाशा प्रपा श्रीकुमार वर्मा उपस्थित थे। कुलपति ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अत्यंत समृद्ध बताया और पूर्व मे हुए ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की जानकारी देते हुए बच्चों को विवि में आगामी समय में होने वाले कार्यशाला में शामिल होकर संगीत कला की शिक्षा लेने कहा। विषय विशेषज्ञ अशोक ओसवाल ने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील करते हुए गांव के छात्र छात्राओं को संगीत कला की शिक्षा लेने प्रेरित किया। प्रो. राजन यादव ने बताया कि क्षेत्र के 200 से अधिक गांवों में से केशला का चयन साहित्यिक शिविर के लिए किया गया है। उन्होने शिविर का लाभ लेने और बच्चों को संगीत कला की शिक्षा लेने विवि में प्रवेश दिलाने कहा। हिंदी व लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना, नाचा, गेड़ी, राऊत नाच, जस जंवारा व फाग गीत की प्रस्तुति दी गई।



#### जागरूकता के लिए घर-घर किया सर्वे

ग्रामीणों में जागरूकता लाने शिविरार्थियों ने घर घर जाकर सर्वे किया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे है कि नहीं इसकी जानकारी लेने के अलावा विवि के पाठ्यक्रम से अवगत कराया ताकि विद्यार्थी प्रवेश लेकर संगीत व कला की शिक्षा ले सके। सर्वे दौरान मूलभूत समस्याओं की जानकारी मिलने पर समाधान को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों साथ चर्चा की गई। संचालन छात्र समीर चंद साहू ने और आभार डॉ.देवमाईत मिंज ने व्यक्त किया। इस दौरान जिपं पूर्व सदस्य टीकम वर्मा, जनपद सदस्य लक्ष्मी वर्मा, बाबूलाल गौटिया, पूरनलाल गौटिया, सचिव दीनबंधु साहू, जगत राम दिवान, अश्वन वर्मा, जीपी वर्मा, वायके मंडावी, केआर वर्मा, डॉ नंदलाल वर्मा, राजेंद्र वर्मा, धनराज वर्मा, गंगाराम वर्मा, सूरज वर्मा, ओमकार वर्मा, राधेश्याम रजक, चित्रांगन वर्मा, मुन्ना वर्मा, टाकेश वर्मा सहित विवि के अतिथि व्याख्याता डॉ कुमुद मिश्र, हिंदी साहित्य परिषद अध्यक्ष दीपांशी मेश्राम, सचिव समीरचंद साहू, एकलव्य भारती, इंदु यादव, मानसी रजक, शोधार्थी रामेश्वरी व कृष्णा नेताम सहित अन्य मौजूद थे।

# पुरालिपि और पुरालेख अध्ययन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुरालिपि और पुरालेख अध्ययन विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्राचीन अभिलेख विद्या को लेकर आयोजित विशेष कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रेरक बताते हुए विषय विशेषज्ञ डॉ रविशंकर की सराहना कर भविष्य में भी ऐसे विद्वानों को विवि में आमंत्रित करने कहा। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो डॉ राजन यादव ने आचार्य दंडी के एक श्लोक का पाठ करते हुए कहा कि शब्द सूर्य के समान प्रकाशमान शक्ति है, जो समस्त विश्व को आलोकित करती है। उन्होंने कहा कि अभिलेख विद्या ऐसी विधा है जिसे असत्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। आक्रमणकारियों के प्रयासों के बावजूद हमारा गौरवशाली इतिहास अक्षुण्ण बना हुआ है। विद्यार्थियों को इतिहास अध्ययन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हुए उन्होंने वक्तव्य का समापन गति ही जीवन है के संदेश साथ किया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर ने कहा कि यह कार्यशाला को सभी ने उत्सव के रूप में मनाया। विवि परिसर की शांत सुंदर वातावरण की सराहना कर अपने प्रवास को सुखद बताया और कहा कि कार्यशाला में सीखी हुई विद्या का निरंतर अभ्यास करें और इस अमूल्य कला को कभी न छोड़ें।



#### विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता

कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने विषय विशेषज्ञ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मैसूर के पूर्व निदेशक डॉ टीएस रविशंकर की तुलना प्राचीन ऋषि से करते हुए कहा कि उन्होने अभिलेख विद्या को शोध-प्रविधि से जोडकर उसकी शैक्षणिक महत्ता स्पष्ट कर दी है। संयोजक डॉ आशुतोष चौरे ने कहा कि प्रारंभ में उन्हें संदेह था कि कार्यशाला को अपेक्षित प्रतिसाद मिलेगा या नहीं किंतु विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने इसे अत्यंत सफल बना दिया। उन्होंने कहा कि डॉ रविशंकर ने एक ऐसी खिडकी खोली जिसके माध्यम से सभी को अपने गौरवशाली इतिहास की झलक देखने का अवसर मिला। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर कार्यशाला का औपचारिक समापन किया गया।

## सार समाचार

### आज राधा नाम संकीर्तन मंडल का भजन



**राजनांदगांव।** पंचम मूल जगतगुरु कृपालु महाराज के परम भक्त दिनेश अग्रवाल एवं मित्रों द्वारा श्रीराधा नाम संकीर्तन मंडल का गठन कर विभिन्न मंदिरों एवं आवासों में भजन संध्या आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में कल 26 फरवरी को शाम 06 बजे से श्री सत्यनारायण मंदिर में श्री राधा नाम संकीर्तन किया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति ने श्रद्धालु माता, बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि इस सत्संग में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

### उड़नदस्ता दल ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के चौथे दिवस जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। दल द्वारा धौराभाठा, बीजेभाठा, तिलईरवार, टप्पा, कोहका, तुमड़ीबोड, भानपुरी एवं धनगांव परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा भवनों में समुचित पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग का मामला सामने नहीं आया। जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों में ग्लूकोज, ओआरएस एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी सुझाव भी दिए गए। साथ ही बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं पंजियों का समुचित संधारण किया जाना पाया गया। निरीक्षण के दौरान सतीश ब्यौहरे डीएमसी के नेतृत्व में पीआर झाड़े एपीसी, मो. रफीक एपीसी, कामिनी साहू एपीसी उपस्थित रहे।



### अर्थव्यवस्था पर ब्याज का अतिरिक्त बोझ : विपिन



**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते कहा कि यह बजट आकार और घोषणाओं में भले बड़ा दिखाई दे, लेकिन आम जनता की वास्तविक समस्याओं के समाधान में कमजोर साबित होता है। महंगाई, बेरोजगारी और आय असुरक्षा से जूझ रहे नागरिकों के लिए ठोस दिशा का अभाव साफ दिखाई देता है। लगभग 3 प्रतिशत के आसपास अनुमानित राजकोषीय घाटा और लगातार बढ़ता कर्ज आने वाले वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था पर ब्याज का अतिरिक्त बोझ डालेगा। आय-व्यय संतुलन और वित्तीय अनुशासन की स्पष्ट रूपरेखा के बिना यह प्रवृत्ति चिंताजनक है।

### टाटा संपन्न फाईन बेसन के विक्रय प्रतिबंधित

**राजनांदगांव।** खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड बिशप लेफराय रोड कोलकाता पश्चिम बंगाल के खाद्य पदार्थ पैक्ड टाटा संपन्न फाईन बेसन के विक्रय को राजनांदगांव जिले के संपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिषिद्ध किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला महासमुंद द्वारा निर्माता फर्म टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड बिशप की खाद्य नमूना गुणवत्ता की जांच हेतु संकलित किया गया था। कैली लैब प्राईवेट लिमिटेड भोपाल मध्यप्रदेश के जांच प्रतिवेदन में खाद्य पदार्थ पैक्ड टाटा संपन्न फाईन बेसन को असुरक्षित पाया गया।

### योजनाओं के तहत 394 श्रमिक लाभान्वित

**राजनांदगांव।** श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के श्रमिकों के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। जिले के 394 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते उनके बैंक खाते में मंडल मुख्यालय द्वारा डीबीटी के माध्यम से कुल 43 लाख 63 हजार 750 रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इसके तहत असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 21 हितग्राहियों को 1-1 लाख रुपए कुल 21 लाख रुपए, असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना अंतर्गत 101 श्रमिकों को 20-20 हजार रुपए कुल 20 लाख 20 हजार रुपए तथा असंगठित कर्मकारों के बच्चों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजना के तहत 272 श्रमिकों को 2 लाख 43 हजार 750 रुपए से लाभान्वित किया गया है।

### मंडल अध्यक्ष व महामंत्री की घोषणा

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमुर इकबाल खान के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री की घोषणा की।

जिसमें राजनांदगांव उत्तर मंडल अध्यक्ष अफसर खान, दक्षिण मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर, ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू जैन, डोंगरगढ़ मंडल अध्यक्ष गुरूविंद सिंह भाटिया, डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष विनय जैन एवं महामंत्री हातिम शैफी, दिलवार मेमन, लालबहादुर नगर मंडल अध्यक्ष इंदरपाल सिंह भाटिया, तुमडीबोड मंडल अध्यक्ष धरम जैन एवं महामंत्री विनोद जैन, छुरिया मंडल अध्यक्ष आबीद मेमन, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष मोहम्मद वशीम कुरैशी एवं महामंत्री कशफ कुरैशी, शादाब कुरैशी की नियुक्ति इनकी पार्टी के प्रति निष्ठा एवं पार्टी के लिए कर्तव्य निभाने के कारण इन्हें यहां की जवाबदारी पार्टी के रीति-नीति व सिद्धांतो को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए दी गई है।

## नगर निगम राजस्व वसूली में बरत रहा है कड़ाई

# जलकर नहीं पटाने पर निगम ने की 12 नल विच्छेदन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते राजस्व वसूली में कड़ाई बरती जा रही है। घर-घर जाकर बकाया करों की वसूली की जा रही है। वसूली के दौरान लंबे समय से जलकर का भुगतान नहीं करने वाले करदाताओं का नल विच्छेदन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मोहारा, मोहड व सिंगदई में 12 नल विच्छेदन की कार्रवाई की गई। साथ ही बड़े बकायेदारों को अंतिम नोटिस दी जा रही है। करों का भुगतान नहीं करने की स्थिति में बकायेदारों का नाम सार्वजनिक कर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार दुकानों के लंबे बकाया पर दुकानें सील की जा रही है।

#### विभाग की हो रही मानिटरिंग

वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे हैं तथा बड़े बकायेदारों को अपने बकाया करों का भुगतान करने समझाईस दे रहे हैं। गत दिनों महापौर द्वारा बकायेदारो को बुलाकर दुकान का प्रीमियम एवं किराया जमा करने समझाईस भी दी गई थी।



#### बकायेदारों का नाम होगा सार्वजनिक

राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में राजस्व अमला सम्पतिकर, जलकर, समेकित कर व दुकान किराया की वसूली घर-घर जा कर रहे हैं और बड़े बकायेदारों को अंतिम नोटिस भी दिया जा रहा है। नोटिस उपरांत करों का भुगतान नहीं करने पर बकायेदारों का नाम सार्वजनिक किया जाएगा।

#### दुकान की जा रही सील

राजस्व अधिकारी श्री तिवारी ने जानकारी दी कि लंबे समय से निगम जलकर का भुगतान नहीं करने पर वार्ड नं. 47 मोहारा में 1, वार्ड नं. 49 मोहड में 6 व वार्ड नं. 50 सिंगदई में 5 कुल 12 नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार दुकानदारों द्वारा प्रीमियम एवं लंबे समय से दुकान किराया का भुगतान नहीं करने पर दुकानें सील की जा रही है। उन्होंने बताया कि नागरिकों द्वारा करो का भुगतान करने पर होने वाले राजस्व आय से कर्मचारियों का वेतन भुगतान सहित नगर विकास किया जाता है।

#### समय पर करें करो की अदायगी

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत निवासरत भवन एवं भूमि स्वामियों तथा निगम स्वामित्व के दुकानों के किरायेदारों से अपने स्वामित्व की भवन व भूमियों के संपत्तिकर,समेकितकर एवं जलकर की सम्पूर्ण बकाया राशि तथा निगम स्वामित्व की दुकानों का सम्पूर्ण बकाया किराया का भुगतान निगम कार्यालय में अनिवार्यतः जमा कर रसीद प्राप्त कर नगर विकास में सहयोगी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करदाताओं की सुविधा के लिए अवकाश के दिनों में भी राजस्व कार्यालय खुली रखी गई है।

## हत्या की गुत्थी सुलझी, पुलिस जवानों को नगदी इनाम

**राजनांदगांव।** महिला की हत्या के मामले को सुलझाने व आरोपियों को गिरफ्तार करने के मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा पुलिस जवानों को नगद ईनाम 10,000 रुपए प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

22 फरवरी को ग्राम भैंसरा बाबा आम बगीचा में नदी के पास एक अज्ञात महिला का शव मिला था। जिसका अज्ञात आरोपी द्वारा पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दिया गया था। सूचना पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 103(1) 61 (2), 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अंधेकत्ल की गुत्थी 48 घंटे में सुलझाने के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल में पदस्थ 32 अधिकारियों एवं कर्मचारी जो इस अंधेकत्ल को सुलझाने में सक्रिय भूमिकी निभाई, उनको नगद ईनाम 10,000 रुपए प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

**अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपी पकड़े गए**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर थाना की टीम बनाकर अज्ञात मृतिका एवं घटना कारित करने वाले आरोपियों के संबंध में जल्द पता तलाश करने हेतु निर्देश दिया गया, जिस पर तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीर सूचना के आधार पर मृतिका की पहचान पूर्णिमा नेताम पति सुनील कुमार नेताम 35 वर्ष निवासी रविदास नगर, मायका ग्राम चौथना थाना डोंगरगढ़ के रूप में की गई। इसके तत्काल बाद आरोपियों की पतासाजी किया गया।

जिसमें मुख्य आरोपी मृतिका का पति आरोपी सुनील वंजारी 45 वर्ष निवासी दल्लीराजहरा हॉल पता मोतीपुर राजनांदगांव, ज्योतिष सिंह नेताम 40 वर्ष निवासी छिरपानी डोंगरगढ़, नीलकंठ साहू 71 वर्ष निवासी ग्राम मोहंदीपार जिला बालोद साक्ष्य छुपाने में सहयोगी इन तीनों आरोपियों को अलग-अलग जगहों से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

## सूने मकान में चोरी का आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** सूने घर में चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते खैरागढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।





पुलिस के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी मानदाता लोधी 60 वर्ष निवासी ग्राम बोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वे अपने रिश्तेदार के मिट्टी कार्यक्रम में शामिल होने हेतु 16 जनवरी से 24 जनवरी तक घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। 24 जनवरी को वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था तथा अंदर रखे संदूक को तोड़कर उसमें रखा 35,000 रुपए कीमती के मशरूका अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बीरसिंह वर्मा 30 वर्ष निवासी धम्मादीप नगर ईटाभट्ठा चौक नागपुर महाराष्ट्र बताया। आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ योजना बनाकर घटना दिनांक को प्रार्थी के घर में प्रवेश कर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

## अवैध रूप से गांजा बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से गांजा बिक्री की सूचना पर पुलिस आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। जिससे गांजा बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पिपरिया रोड स्थित शनि मंदिर के पास मुरमुंदा में हिमांशु अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया।



आरोपी हिमांशु कुमार बघेल के कब्जे से एक पॉलिथीन में लगभग 0.111 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 500 रुपए, नगदी बिक्री रकम 2,100 रुपए एवं एक मोटर साइकिल को जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संतोष जायसवाल, सहायक उपनिरीक्षक तुलाराम बांक, आरक्षक युगेंद्र देशमुख, रामखिलावन सिन्हा एवं किशन कुमार का विशेष योगदान रहा।

## नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** कलेक्टर ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लोगों से 11,00,000 रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 फरवरी को प्रार्थी धीरज साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी देवेन्द्र कुमार गोरले एवं जयप्रकाश यादव द्वारा कलेक्टर ऑफिस खैरागढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग लोगों से 11,00,000 रुपए की धोखाधड़ी की गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 420, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



विवेचना के दौरान आरोपी देवेन्द्र कुमार गोरले को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अपराध में संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।





## हंसिया से हमले के बाद भाग रहा आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विवाद पर हंसिया से जानलेवा हमला करने का आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस टीम ने गोंदिया में दबिश देकर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना लालबाग में दर्ज धारा 296, 115(2), 351(2), 109 बीएनएस के अंतर्गत हत्या के प्रयास के गंभीर प्रकरण में पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 24 फरवरी को पेंड्री अस्पताल से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आदित्य कुमार नामक युवक पर हंसिया से प्राणघातक हमला किया गया है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना लालबाग पुलिस द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। राजनांदगांव पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गंभीर अपराधों में संलिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों के विरुद्ध त्वरित, कठोर एवं निर्णायक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### फरार हो गया था आरोपी

बताया गया कि इस मामले में आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी उदय सिन्हा उर्फ राज उम्र 22 वर्ष निवासी स्टेशन बांकल थाना लालबाग घटना के पश्चात ग्राम स्टेशन बांकल से ट्रेन के माध्यम से फरार हो गया था।

#### संयुक्त टीम का प्रयास

पुलिस के अनुसार थाना लालबाग, बागनदी, आरपीएफ एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, लोकेशन ट्रैकिंग एवं सतत निगरानी के आधार पर समन्वित रणनीति अपनाई गई। सतर्क टीमवर्क और प्रभावी घेराबंदी के माध्यम से आरोपी को महाराष्ट्र के गोंदिया से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।





### 3 को मंदिरों के पट रहेंगे बंद

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अकाशा शर्मा एवं अभिषेक चौबे ने बताया कि होलाष्टक 24 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है। आगामी 27 फरवरी को आमलक्की एकादशी है, जिसे रंग भरी एकादशी भी कहा जाता है द्वदशी 28 फरवरी को होगा। अखिल भारतीय पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी ने बताया कि आगामी 2 मार्च को होलिका दहन और 3 मार्च को खंडग्रास, चंद्रग्रहण होगा। इस दिन मंदिरों के पट बंद रहेंगे, खंडग्रास, चंद्रग्रहण होगा। जिसका सूतक काल प्रातः 9 बजकर 7 मिनट से है। खंडग्रास का स्पर्श समय संध्या 6 बजकर 7 मिनट पर होगा तथा खंडग्रास, चन्द्रग्रहण का मोक्ष समय संध्या 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। सूर्य ग्रहण में 12 घंटा का सूतक रहता है, ठीक उसी तरह चंद्रग्रहण में 9 घंटे का सूतक रहता है। सूतक काल में गुरू से प्राप्त मंत्र का जाप किया जा सकता है। उक्त जानकारी अखिल भारतीय पूजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं तारक निर्मोही ने संयुक्त रूप से दी।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग का आयोजन

# चौपाल में बच्चों ने बोली मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जब बच्चे बोलते हैं, तो बदलाव की शुरूआत होती है। इसी सोच के साथ राजनांदगांव जिले के जंगलपुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में विगत दिनों राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। बाल चौपाल के दौरान बच्चों ने खुलकर अपने विचार रखे और बेझिझक विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे।

कार्यक्रम में बच्चों ने खास तौर पर नशे के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाए, इस विषय पर अपनी चिंता और जिज्ञासा व्यक्त की। साथ ही विद्यालय और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को भी छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के सामने रखा। डॉ. शर्मा ने बच्चों की बातों को गंभीरता से सुना और उपस्थित अधिकारियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस पहल के माध्यम से बाल सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया, ताकि बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ आत्मविश्वास से अपनी बात रख सकें। वे बच्चों के सर्वांगीण विकास और संरक्षण के लिए लगातार ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों को प्रोत्साहित कर रही है।

#### बच्चों को हेल्थ संबंधी दी जानकारी



कार्यक्रम में समाजसेवी सिद्धि मिरानी ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। आयोजन में ग्राम जंगलपुर के स्थानीय समाजसेवी, नेतागण एवं ग्रामवासी केजादास साहू, जानीवाकर साहू, लक्ष्मण साहू, चंदूलाल साहू, संतोष चौबे, लोमनदास साहू, ताम्रध्वज साहू, विनोद साहू, दीपिका साहू, सूर्यकांत साहू, तांकाराम साहू एवं अन्य उपस्थित रहे। बाल चौपाल का मुख्य उद्देश्य बच्चों की झिझक और संकोच को दूर कर उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बना सकें।

#### माता-पिता अपने बच्चों को दें समय : करूणा

आयोजन में उपस्थित शहर की प्रथम महिला नागरिक श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव ने पालकों से विशेष रूप से अपील करते कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को जो सबसे अच्छी विरासत दे सकते हैं, वह है, अपने हर दिन की व्यस्ततम दिनचर्या में से फुर्सत के कुछ पल, जो बच्चों के लिए जीवनभर यादगार रहते हैं। उन्होंने आयोग की इस पहल की सराहना करते भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

पृष्ठ 09 का शेष

### रानीसागर-बूढ़ासागर के

निर्माण कार्यों के लिए 8 करोड़ 81 लाख रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। जिससे क्षेत्रीय विकास और जनसुविधाओं को नई गति मिलेगी। राजनांदगांव के तहसील कार्यालय को मॉर्डन रूप में विकसित करने के लिए 5 करोड़, जिला कार्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 1 करोड़, उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ के लिए 80 लाख, लोक निर्माण विभाग के संभागीय कार्यालय परिसर में स्टॉफ क्वार्टर के लिए 1 करोड़ 20 लाख, जिला न्यायालय के स्टॉफ क्वार्टर हेतु 5 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। इसी तरह हाईस्कूलों के उन्नयन हेतु बजट में राशि प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम रानीतराई, धामनसरा, गोड़लवाही, बालक हायर सेकंडरी स्कूल लालबहादुर नगर के उन्नयन हेतु 75-75 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी के लिए 4 करोड़ 65 लाख आवासीय महाविद्यालय राजनांदगांव हेतु 10 करोड़ एवं दिग्विजय कॉलेज बालक छात्रावास पेंड्री के लिए 60 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं।



## बजट 2026-27 : बजट भाषण में प्रतिपक्ष एवं पक्ष के लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत किए

# राज्य सरकार के बजट पर अलग-अलग प्रक्रिया किसी ने कहा दूरगामी तो किसी ने कहा फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने डबल इंजन भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सत्र 2026-27 का बजट मंगलवार को प्रस्तुत किए लोगों की नजर टीवी स्क्रीन पर थी बजट भाषण सुनते ही प्रतिपक्ष एवं पक्ष के लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दिया।

### संकल्प से सिद्धि तक सुनहरा बजटः नितेश अग्रवाल




जिला भाजपा के महामंत्री नितेश अग्रवाल ने वर्ष 2026-27 का छत्तीसगढ़ शासन का प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ का यह बजट विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने वाला है। छत्तीसगढ़ में विकास के लिए संकल्पित है। अधोसंरचना के क्षेत्र में व्यापक प्रावधान किए गए है। जिससे सड़क, पुल-पुलिया, भवन, सिंचाई के लिए बड़ी धनराशि आंबटित की गई।

### छत्तीसगढ़ का बजट सर्वहितैषीः जयराम साहू



जिला उपाध्यक्ष भाजपा जयराम साहू ने इस बजट को सर्वहितैषी बताते हुए सरकार की सराहना की है, इस बजट में राज्य के विष्णु देव सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्ग को ध्यान में रखकर लिया गया। ऐतिहासिक बजट है साथ ही प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा सहित वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं कैबिनेट के सभी मंत्री मंडल एवं विधायक की भी सराहना की।

### हजारों परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदमः सीताराम साहू



सीताराम साहू ने कहा कि सरकार का यह बजट प्रावधान जनहित और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सुतियापाठ जलाशय से 54 गांवों को पेयजल आपूर्ति योजना में शामिल किए जाने पर छत्तीसगढ़ सरकार का हृदय से आभार। यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्र के हजारों परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

### विकसित राज्य की मजबूत नींवः विकास पांडेय



छत्तीसगढ़ का बजट विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला साबित होगा। विकास पाण्डेय ने कहा कि प्रस्तुत बजट किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए आशा की नई किरण है। बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सराहनीय बजट है।

### गांव, गरीब, महिलाओं और किसानों को समर्पित बजटः राजेश्वरी धृतलहरे



सदस्य जिला पंचायत श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा भाजपा के नेतृत्व वाली साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट गांव गरीब महिलाओं और किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली को समर्पित बजट है। श्रीमती धृतलहरे ने कहा यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की ओर दूरदर्शी और जनहितकारी कदम है।

### बजट जन कल्याणकारी एवं विकासोन्मुखीः बालमुकुंद चंद्रवंशी



प्रस्तुत बजट पर अपना प्रतिक्रिया देते हुए मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा बजट जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी है यह बजट प्रदेश ग्रामीण अंचलों किसानों महिलाओं एवं युवाओं के हित केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने आधारभूत संरचना के विस्तार सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए किए गए प्रावधान अत्यन्त सराहनीय है।

### साय सरकार की बजट समावेशी सर्वस्पर्शी एवं आमजनों की हितार्थः मनहरण साहू



वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपना प्रतिक्रिया देते हुए महामंत्री भाजपा मण्डल कुण्डा मनहरण साहू ने कहा विष्णुदेव साय सरकार की बजट समावेशी सर्वस्पर्शी व आमजनों के हितार्थ का बजट है। यह बजट प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने कृषि को लाभकारी बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को गति देने वाला है।

### संकल्प के साथ आगे बढ़ता छत्तीसगढ़ एवं ग्रामों को विकास की नई रफ्तारः गायत्री चंद्रवंशी



भाजपा महिला मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष एवं उप सरपंच गायत्री चंद्रवंशी ने प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट जनकल्याण और समग्र विकास का मजबूत दस्तावेज है जिले के सड़क उन्नयन पंडरिया में नालंदा परिसर पेयजल योजना और मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम समृद्धि योजन जैसी सौगात मिली है। श्रीमती चंद्रवंशी ने कहा शिक्षा स्वास्थ्य सिंचाई किसानों महिलाओं और युवाओं के लिए योजनाएं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगी। उन्होने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का नहीं बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण स्पष्ट विजन प्रस्तुत करता है।

### उन्नत छत्तीसगढ़ के नींव का एवं संकल्प का बजटः सूरज यादव



वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपना प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता सूरज यादव ने कहा वित्तीय वर्ष 2026-27 का 01 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट संकल्प थीम के साथ प्रस्तुत किया हैं यह बजट विकसित भारत का रॉडमैंप है और यह स्वागतयोग्य है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यह बजट ग्रामीण अंचलों के साथ छत्तीसगढ़ को ऊंचाइयों पर ले जाने वाला बजट है।

### नींव का दर्पण है यह बजट : ओम प्रकाश यदु



ओमप्रकाश यदु ने कहा कि प्रदेश के उन्नत छत्तीसगढ़ की नींव का दर्पण बताया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार का एक दूरदर्शी और जनहितैषी बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरी तरह विकासोन्मुख है और इसमें बुनियादी ढांचे, ग्रामीण विकास तथा रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है।

### समृद्धि के लिए समर्पित बजटः छत्र किशोर सानू तिवारी



छत्र किशोर सानू तिवारी ने कहा कि साय सरकार का बजट गांव, गरीब, महिलाओं और किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली को समर्पित है। यह बजट प्रदेश के विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में दूरदर्शी साबित होगा। यह बजट किसानों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने वाला है।

### युवाओं, महिलाओं व किसानों के लिए सराहनीय बजटः नीरज मनजीत



राज्य के बजट पर चर्चा करते हुए साहित्यकार नीरज मनजीत ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार का प्रगतिशील बजट पेश किया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण योगदान की ओर बढ़ाया गया कदम है, जिसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए बड़े ही अच्छे प्रावधान किए गए हैं। पीएम मोदी और विष्णु देव साय की इस विकास यात्रा में किसानों को ब्याजमुक्त ऋण देने का प्रस्ताव है, तो महिलाओं, आंगनबाड़ी दीदियों और बालिकाओं के कल्याण के लिए महतारी वंदन, दुर्गावती योजना आदि की राशि यथावत रखी गई है। सबसे बड़ी बात युवाओं के स्टार्टअप के लिए सौ करोड़ रुपए दिए गए हैं, स्किल डेवलपमेंट पर फोकस किया गया है। राज्य के हर वासी के उत्तम स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना के लिए पूरी राशि रखी गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और नए उद्योगों की स्थापना के लिए अच्छे प्रावधान हैं।

### बजट में सभी वर्ग के लोग दुखी और निराशः प्रशांत परिहार



कांग्रेस के युवा नेता प्रशांत परिहार ने बजट प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये बजट सिर्फ मायाजाल और मकड़जाल है। इससे प्रदेश के लोगो का कोई सरोकार नही है। प्रशांत परिहार ने कहा कि पहला बजट का नाम गति रखा गया था, जो पूर्ण रूप से दुर्गति होने के बाद अब इस साल संकल्प नाम देकर बजट पेश किया गया और ये संकल्प इनका भष्टाचार करने का है, बजट में सभी वर्ग के लोग दुखी और निराश हुए है।

### सरकार का विजन साफ नहीं : अर्जुन तिवारी




कांग्रेस नेता अर्जुन तिवारी ने कहा कि दो कदम आगे और चार कदम पीछे चलने वाली साय सरकार का यह बजट भी निराशाजनक है। बीते दो साल में सरकार यह साफ नहीं कर पाई है कि उसका विजन क्या है? हालत यह है कि सरकार अपने निर्णय पर अडिग नहीं रह पा रही है। सरकार दो साल में शहर और गांव के विकास पर कोई पहल नहीं कर पाई है।

### आम जनता के लिए बजट में शून्यः उतरा दिवाकर



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुण्डा उतरा दिवाकर ने प्रस्तुत बजट पर अपना प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट 2026-27 आम जनता की वास्तविक जरूरतों से दूर नजर आता है किसानों को आय बढ़ाने बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने और महंगाई पर नियंत्रण के लिए कोई ठोस रोडमैप दिखाई नहीं देता। भाजपा सरकार ने बड़े-बड़े वादे जरूर किए है, लेकिन धरातल पर उतरने वाली योजनाओं की कमी है शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर बजट कमजोर साबित हुआ है कुल मिलाकर आमजनता के लिए बजट शून्य है।

### महिलाओं के लिए खास बजट नहीं हैः दिनेश पांडेय



छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के हालिया बजट के बाद प्रदेश की महिलाओं में निराशा और असमंजस की स्थिति देखी जा रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता तथा 500 में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया था। इन घोषणाओं ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं में बड़ी उम्मीद जगाई थी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इन वादों को अपने घरेलू बजट में संभावित राहत के रूप में देखा था। बजट प्रस्तुत होने के बाद महिलाओं को उम्मीद थी कि इन घोषणाओं को लेकर स्पष्ट वित्तीय प्रावधान और कार्ययोजना सामने आएगी। हालांकि, बजट दस्तावेजों में इन वादों के क्रियान्वयन को लेकर स्पष्ट समय-सीमा और विस्तृत दिशा-निर्देश नहीं दिखाई देने से कई महिलाओं में असंतोष बढ़ा है। विशेष रूप से महतारी वंदना योजना के दूसरे चरण का इंतजार कर रही हितग्राही महिलाएं अब भी प्रक्रिया शुरू होने की राह देख रही हैं।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 की तैयारी को लेकर जिला कार्यशाला संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला मंगलवार को यूथ क्लब भवन में पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात दीप प्रज्जवलन, वंदे मातरम व राज्यगीत के सामूहिक गायन के साथ आयोजन का शुभारंभ किया गया। वहीं अतिथियों को शाल व स्वदेशी वस्तुओं से बने स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षण ही संगठन की शक्ति है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया कि प्रत्येक मंडल व बूथ स्तर पर भी इसी प्रकार प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, ताकि कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त और संगठित रूप से सक्रिय बनें। प्रथम सत्र में जिला प्रभारी तेजपाल शर्मा ने सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठनात्मक विकास पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम की भावना है, जिसे कार्यकर्ता अपने आचरण में उतारें। द्वितीय सत्र में विधानसभा सह योजना बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। तृतीय सत्र में पीपीटी प्रशिक्षण नवाचार की अध्यक्षता तेजपाल शर्मा प्रदेश शह संयोजक सोशल मिडिया तेजपाल शर्मा ने की।

## भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों की घोषणा, कवर्धा में रत्नेश गुप्ता को जिम्मेदारी

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय ने एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से जारी आदेश के अनुसार नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जारी सूची के मुताबिक दंतेवाड़ा में किशोर कुमार साहू, महासमुंद में अलोक दुबे, भिलाई में के. रत्नमूर्ति, दुर्ग में मनोज ठाकरे, जशपुर में रूपेश सोनी तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विकास ठाकुर को जिला संयोजक बनाया गया है। कवर्धा जिले के लिए रत्नेश गुप्ता को एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रत्नेश गुप्ता को मिली जिम्मेदारी से स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। उनके नेतृत्व में जिले में सामाजिक संस्थाओं के साथ समन्वय मजबूत होने और संगठन के कार्यक्रमों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई ।

## खबर संक्षेप

### कुकदूर मंडल भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**हरिभूमि कुई कुकदुर।** भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी



की अनुशंसा और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू की सहमति से कुकदूर मंडल की कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की गई। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की विशेष सहमति, कुकदूर मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया और पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष बहादुर सोनी की अनुशंसा पर इस कार्यकारिणी में क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें उपाध्यक्ष भरतलाल कुम्भकार तीरथ राम साकत, महामंत्री रामनाथ करायत, दूजराम यादव, मंत्री सुरेन्द्र यादव, नरेश सोनवानी, हिम्मत मोंगरे, सहदेव विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष बिरझू यादव, मीडिया प्रभारी जगदीश पनरिया एवं सह-प्रभारी तिलक पटेल साथ ही कार्यकारिणी में 10 सदस्यों को शामिल किया गया और 3 सदस्यों को स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। भाजपा जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर ने बताया कि इन नियुक्तियों से कुकदूर मंडल में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। जिस पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों व क्षेत्रवासियों ने बधाई प्रेषित की गई।

## विधायक ने विधानसभा में नल जल योजना, स्थानीय रोजगार एवं उद्योग व महिला श्रमिकों के हित का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा विधानसभा में जनहित व प्रदेश के प्रमुख विषयों से जुड़े प्रश्न लगातार विधानसभा पटल पर रख रहीं हैं। बजट



सत्र के तीसरे दिन उन्होंने नल जल योजना से जल आपूर्ति व गर्मी के दिनों में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों, इन्वेस्ट कनेक्ट और स्थानीय रोजगार एवं जिला में संचालित लघु व मध्यम उद्योग को प्रोत्साहन और महिला श्रमिकों के हित के सन्दर्भ में प्रश्न पूछा। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि पिछले 12 महीनों में कितने जिलों-शहरों में नल जल योजना को जोड़ लिया गया है? कितने जिलों में योजना पूर्ण कर ली गई है? बचे हुए जिलों में कब तक यह योजना पूर्ण कर ली जाएगी? वर्तमान में छत्तीसगढ़ नल जल योजना की लक्ष्य पूर्ति में किस स्थान पर है? तथा आगामी ग्रीष्मकाल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति के लिए विभाग की क्या योजना है? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि पिछले 12 महीनों में राज्य के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों को नल जल योजना से जोड़ लिया गया है। शहरों में नल जल योजना लागू नहीं है। राज्य के किसी भी जिला में योजना पूर्ण नहीं की गई है। संभावित तिथि बताना संभव नहीं है।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ नल जल योजना की लक्ष्य पूर्ति में 24वें नंबर में है। आगामी ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सभी जिलों में हैण्डपंप संधारण के लिए पर्याप्त हैण्डपंप तकनीशियन नियुक्त किया गया है। हैण्डपंप संधारण हेतु पर्याप्त मात्रा में हैण्डपंप स्पेयर पाट्र्स की व्यवस्था सभी जिलों में सुनिश्चित कर ली गई है। ग्रीष्म ऋतु के पूर्व विभाग के द्वारा 15 मार्च से 15 अप्रैल तक एक माह का विशेष हैण्डपंप संधारण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें हैण्डपंपों के सुधार कार्य के साथ-साथ जल स्तर से नीचे चले जाने वाले हैण्डपंपों में राईजर पाईप बढ़ाने के साथ पेयजल की गुणवत्ता का सतत परीक्षण कर पेयजल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन का भी कार्य किया जाएगा। प्रदेश के 194 नगरीय निकायों में पेयजल आपूर्ति हेतु निकायों द्वारा 15 मार्च के पूर्व हैण्डपंप, बरिवल के आसपास सफाई, मरम्मत सधारण का कार्य करते हुए क्लोरिनेशन का कार्य किया जाएगा।

सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजना अंतर्गत इंटेकवेल, डब्ल्यूटीपी में मोटर पंप मशीनरी का मरम्मत कर अधोसंरचनाओं का सुदृढीकरण किया जाएगा। टंकियों की सफाई किया जाएगा, टुटे-फूटे, लिकेज पाईप लाईन का मरम्मत सुधार कार्य किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट निवारण हेतु नगरीय निकायों को कुल राशि 18.00 करोड़ रूपए आबंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था हेतु 25 नगरीय निकायों को अधोसंरचना मद से राशि रूपए 5.63 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई थी। 15 वे वित्त आयोग टाईड ग्राण्ट के जल घटक अंतर्गत विगत 03 वर्षो में पेयजल व्यवस्था हेतु राशि 566.33 रूपए करोड़ की अनुमति निकायों को दी गई है। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेयजल संकट निवारण हेतु कुल राशि रू. 18.03 करोड़ जारी किया गया है।

### जिले में संचालित उद्योग के विषय में भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा

भावना बोहरा ने जिले में संचालित उद्योग के विषय में प्रश्न पूछा कि कबीरधाम जिले में जनवरी 2026 तक कितने लघु, मध्यम एवं बड़े उद्योग स्थापित एवं संचालित हैं? इन लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने हेतु राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता कार्यक्रम लागू किए गए हैं? तथा इन योजनाओं के तहत कितने उद्योगों को लाभ प्राप्त हुआ है? जिसके लिखित उत्तर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि कबीरधाम जिले में जनवरी, 2026 तक कुल 102 लघु एवं 01 मध्यम उद्योग पंजीकृत हैं तथा कोई भी बड़ा उद्योग विभाग में पंजीकृत नहीं है। इन लघु एवं मध्यम उद्योगों को औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु शासन द्वारा समय समय पर औद्योगिक नीति लागू की जाती है, वर्तमान में सम्पूर्ण प्रदेश में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रभावशील है।

## विधायक भावना के प्रयास से महाविद्यालय के नवीन भवन के लिए 4 करोड़ 65 लाख की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

मंगलवार को साय सरकार में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सत्र 2026-27 का बजट पेश किया जिसमें समुचित छत्तीसगढ़ के समग्र विकास हेतु स्वीकृत बजट पेश किया। जिसमें ग्राम कुण्डा के विकास हेतु एवं स्वास्थ्य सेवा व उच्च शिक्षा की प्रगति देने शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक केन्द्र के लिए प्रावधान रखा। पंडरिया विधायक भावना बोहरा के अथक प्रयास से वित्तमंत्री श्री चौधरी ने बजट में ग्राम कुण्डा में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक केन्द्र उन्नयन हेतु 4 करोड़ 65 लाख रुपए एवं शासकीय महाविद्यालय भवन हेतु स्वीकृति का प्रावधान रखा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में एवं उच्च शिक्षा के स्तर पर प्रगतिशील होगा, विधायक भावना बोहरा पंडरिया विधानसभा एवं कुण्डा क्षेत्र के विकास के



लिए तत्पर है उन्होंने क्षेत्र में करोड़ों की विकास कार्यो की सौगात दे चुकी हैं। कुण्डा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं महाविद्यालय हेतु भवन का सौगात देने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा का भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने आभार जताया। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के सैकड़ों पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र....../अ 2 वर्ष 2025-2026
ग्राम-महाराजपुर, प.ह.नं. 33

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम-महाराजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के द्वारा "व्यवसायिक प्रयोजन" में अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

आवेदक/आवेदिका का नाम- अविनाश शर्मा एवं अन्य 02, पिता का नाम- स्व. श्री राकेश शर्मा, जाति-ब्राम्हण, ग्राम का नाम-महाराजपुर (तहसील बोड़ला), खसरा नं. 118/12, कुल रकबा- 0.356 हे., प.ह.नं. 33

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 02/03/2026 को प्रातः 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक- 16/02/2026**
**पेशी दिनांक- 02/03/2026**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी**
**राजस्व बोड़ला**
**जिला-कबीरधाम**

## पेंड्रीकला में पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का शुभारंभ



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में बड़े शिव मंदिर एवं दुर्गा काली मंच प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन 25 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित की जाएगी। जिसमें व्यासपीठ से पंडित राजेंद्र शर्मा ग्राम भैंसों, जांजगीर जिला द्वारा अपनी सुमधुर वाणी में भगवान श्री रामचंद्र की कथा का रसपान कराएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं जगत जननी मां जानकी की अकारण कृपा से यह भक्ति सत्संग 26वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं एवं आसपास क्षेत्र के भक्तजनो को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने अपील की गई। आयोजन में आचार्य पंडित लवलेश शर्मा एवं पंडित शिवानंद तिवारी का विशेष सहयोग साथ ही साथ आयोजक समिति महादेव चंद्राकर, नाथूराम चंद्राकर, रामकुमार गुप्ता एवं समस्त ग्रामवासी पेंड्रीकला के सहयोग से संपन्न होगा।



## खबर संक्षेप



### कंझेटा परीक्षा केन्द्र पहुंचा जिला स्तरीय उड़नदस्ता

**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई हायर सेकेण्डरी प्रमाण पत्र परीक्षा केंद्र में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल से कक्षा अंग्रेजी प्रश्न पत्र दिवस में यूआर चंद्राकर, दिलीप पनागर, श्रीमती संगीता साहू द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्र कंझेटा में परीक्षार्थियों की बैठक हेतु फर्नीचर व्यवस्था, प्राथमिक उपचार पेटी, पेयजल, प्रकाश और शौचालय की समुचि एवं पर्याप्त व्यवस्था पाया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित लिया जा रहा है। विकास खंड स्तरीय उड़नदस्ता दल महेंद्र गुप्ता, अश्वनी चंद्राकर, राजीव श्रीवास्तव, श्रीमती जोशी ने निरीक्षण किया गया।

### आधार सीडिंग के लिए शिविर लगाने निर्देश

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के अंतर्गत समस्त शालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। जिला अंतर्गत राज्य छात्रवृत्ति के लिए पंजीकृत 61,776 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया है कि जिले के अंतर्गत संचालित समस्त बैंकों द्वारा विद्यालयों में शिविर आयोजित कर अध्ययनरत विद्यार्थियों के निःशुल्क आधार-सीडेड खाते खोले जाएं। साथ ही जिन विद्यार्थियों के बैंक खातों में आधार सीडिंग नहीं है, उनके खातों की आधार सीडिंग कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि जिले के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

### तीन परिवारों के लिए आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत तीन विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम दरिया निवासी साजन मेरावी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति संपत सिंह को, ग्राम आमानारा निवासी टीकोबाई की नाला में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र कारेलाल को और ग्राम कुल्हीडोंगरी निवासी किरण परस्ते की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता राजकुमार परस्ते को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

**कार्रवाई : स.लोहारा पुलिस ने 36 पौवा देशी शराब जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार**

# जमकर खपाई जा रही अवैध शराब, आबकारी विभाग नींद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

होली त्यौहार के पूर्व अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध जिला पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही के बीच एक बार फिर स. लोहारा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 36 पौवा अवैध शराब जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में स. लोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उसे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शांति नगर, सहसपुर लोहारा मेन रोड किनारे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बस के माध्यम से बिक्री के लिए ले जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।

पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम इमरान खान पिता समशेर अली उम्र 53 वर्ष निवासी रक्से थाना स. लोहारा जिला कबीरधाम बताया। तलाश के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पीले-लाल रंग के थैले में रखी 36 पौवा देशी मंदिरा प्लेन मदिरा प्रत्येक शीशी 180 एमएल भरी हुई शीलबंद अवस्था में कुल मात्रा 6.480 बल्क लीटर अनुमानित कीमत 2,880 रुपये जप्त की गई।

आरोपी द्वारा शराब विक्रय के लिए परिवहन किया जाना पाया गया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने से मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई। जप्त सामग्री सहित आरोपी के विरुद्ध थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 22/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को 25 फरवरी को माननीय न्यायालय कवर्धा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में विवेचना जारी है।

इस कार्यवाही में निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक संदीप चौबे, सउनि बलदाउ भट्ट, आरक्षक क्रमांक 47, 711 एवं चालक आरक्षक 834 का विशेष योगदान रहा।

**आबकारी विभाग पर उठ रहे सवाल**



अवैध शराब के मामले को लेकर आबकारी विभाग पर सवाल उठाए जा रहे है। लोगों का आरोप है कि एक तो आबकारी विभाग अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए कोई कार्यवाही नहीं कर रही है, जो तोड़ी बहुत कार्यवाही हो भी रही है तो वह पुलिस प्रशासन ही कर रहा है। फिर सवाल यह भी उठ रहा है कि जब सरकारी शराब खुद आबकारी विभाग बेंच रहा है तो कोचियों के पास शराब की बड़ी खेप पहुंच कहां से रही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकारी शराब की खपत बढ़ाने के चक्कर में आबकारी विभाग कोचियों के खिलाफ कार्यवाही करने में गुरेज कर रहा है।

# पंडरिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा निलंबित




- राजस्व वसूली में कोताही बरतने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पंडरिया नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अभिताभ शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई राजस्व वसूली में लापरवाही को लेकर की गई है।

जारी आदेश के अनुसार, 14 जनवरी 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक संपत्तियों के नए कर (मांग) का निर्धारण नहीं किया गया। इसके कारण राजस्व वसूली प्रभावित हुई, जो कार्य के प्रति उदासीनता दर्शाता है। शासन ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत गंभीर कदाचार माना है। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका (कार्यपालिका/यांत्रिकी/स्वास्थ्य) सेवा, भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम 2017 के नियम 33 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई है।

निलंबन अवधि में श्री शर्मा का मुख्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। यह आदेश छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार उप सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी किया गया है।

# राजनीतिक हस्तक्षेप से रुका बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण

## ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कुण्डा ब्लॉक के ग्राम बंसापुर प्राणखैरा से धौराबंद तक निर्माणाधीन सड़क कार्य बंद होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों का आरोप है कि राजनीतिक दबाव के चलते विभाग ने ठेकेदार पर देरी और गुणवत्ता का आरोप लगाकर कार्य रुकवा दिया, जबकि सड़क की पूर्णता की समय-सीमा अप्रैल तक निर्धारित है और चौड़ीकरण व मिट्टी लेवलिंग का कार्य पहले ही शुरू हो चुका था। किसानों द्वारा निजी भूमि दान किए जाने के बावजूद कार्य रुकना जनभावनाओं के विपरीत बताया जा रहा है।

कांग्रेस नेता आनंद सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर दो दिवस में कार्य पुनः प्रारंभ करने की मांग की है, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आनंद सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन अथवा आंदोलन की सूचना देने के दौरान मुख्य रूप से एवन चंद्राकर, सोमिल चंद्राकर, नरोत्तम खांडे, धर्मजीत सिंह, कलम सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, मौजीराम, घनश्याम सप्रे, विक्रम, महेंद्र कुमार, भगत कुमार, कवल लाल, महेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ युवा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जनपद सदस्य ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 (सुखाताल) कवर्धा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों के शासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए बुधवार को जनपद प्रतिनिधि वाल्मिकी वर्मा ने एक विस्तृत ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। इस संबंध में जनपद सदस्य प्रतिनिधि क्षेत्र क्रमांक 03 कवर्धा वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि ज्ञापन में क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों की सुरक्षा, सुविधा एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की मांग की गई। जिसमें ग्राम पंचायत बटुराकछार के शासकीय प्राथमिक शाला में बाउंड्रीवॉल का निर्माण, आश्रित ग्राम कोदवा के शासकीय प्राथमिक शाला में नवीन भवन एवं बाउंड्रीवॉल का निर्माण, ग्राम पंचायत सुखाताल के शासकीय हाई स्कूल में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान विषय के शिक्षकों की नियुक्ति, नवीन भवन का निर्माण एवं बाउंड्रीवॉल की मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 के लिए नवीन भवन, पहुंच मार्ग (रोड) निर्माण, केन्द्र क्रमांक 02/04 व प्राथमिक शाला में पानी पंप एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण, केन्द्र क्रमांक 03 में नवीन भवन सीसी रोड एवं अन्य आवश्यक निर्माण कार्य किया जाए, ग्राम पंचायत बोधाईकुंडा के शासकीय प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 परिसर का समतलीकरण, नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 में पानी पंप एवं नल कनेक्शन की व्यवस्था, आश्रित ग्राम खैरीपार में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण और पानी पंप स्थापना, आश्रित ग्राम दशरंगपुर में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं प्राथमिक शाला में सीसी रोड व बाउंड्री वॉल निर्माण, ग्राम पंचायत जरती के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में बाउंड्रीवॉल एवं सीसी रोड निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 एवं 2 में बाउंड्रीवॉल, समतलीकरण एवं सीसी रोड निर्माण, आश्रित ग्राम नाऊडीह के प्राथमिक शाला में शौचालय,समतलीकरण एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र में सीसी रोड,बाउंड्रीवॉल एवं भवन मरम्मत कार्य इसी प्रकार जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 कवर्धा के स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र की मांग को शासन प्रशासन के समक्ष रखा। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी,कबीरधाम को भी प्रेषित की गई है।

## 64 प्राथमिक शाला को मिले नए प्रधान पाठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में 64 प्राथमिक प्रधान पाठकों की पदोन्नित की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उक्त आश्यक की जानकारी प्रांतीय संस्थापक सदस्य सीडी भट्ट ने दी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अथक प्रयास से 25 फरवरी को द्वितीय सूचि जिला ग्रन्थालय भवन कबीरधाम में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक की काउंसलिंग पूर्ण की गई। जिसमे जिले के सहायक शिक्षक को प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदान्नित प्रदान की गई। इसके लिए संगठन ने जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं चारों विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संगठन के कार्यवाहक जिला उपाध्यक्ष रामावतार डहरिया, कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश कुमार ठाकुर, जिला प्रवक्ता धरम दास साहू, शिक्षक नेता चंद्रप्रकाश घृतलहरें, उमराव सिंह डडसेना, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, राजेश मिश्रा, लोकेन्द्र चंद्रवंशी, धर्मु कुर्रे, गोपी दास मानिकपुरी आदि ने पदोन्नत शिक्षकों को बधाइ दी।

## महिला समूहों ने होली के लिए तैयार किया हर्बल गुलाल



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी कबीरधाम जिले की महिला स्व सहायता समूह महिला सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। जनपद पंचायत बोडला के ग्राम राजा नवागांव की जय गंगा मैया स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदियों ने रंगोत्सव त्योहार होली के लिए हर्बल गुलाल का निर्माण किया है। महिला समूह ने हर्बल गुलाल के व्यवसाय से जुड़कर आजीविका के नए रास्ते खोले है। इस गतिविधि में 10 महिलाओं की प्रत्यक्ष भागीदारी है जो उनके आय का अच्छा स्रोत है। लाल, गुलाबी, पीले सहित अन्य रंगों और प्रकृति खुशबू से भरपूर हर्बल गुलाल बाजार में आने के लिए उपलब्ध है। कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर जिले की विभिन्न महिला समूह द्वारा हर्बल गुलाल का निर्माण किया जाता है। कलेक्टोरेट, सभी जनपद पंचायत कार्यालय एवं अन्य स्थानों पर उनके द्वारा स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल की बिक्री की जाती है। समूह की दीदियों द्वारा बनाए गए गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक होने के साथ-साथ बाजार में मिलने वाले अन्य रंगों की तुलना में सस्ता होता है। हर्बल गुलाल की पैकेजिंग बहुत आकर्षक है और यह उपहार देने के भी बहुत अच्छा है। हर्बल गुलाल अनेक रंगो के साथ अलग अलग मात्रा में पैकेजिंग सहित उपलब्ध है। गत वर्ष भी हमने देखा है कि समूह की दीदियों द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाब को क्षेत्रवासियों ने बहुत पसंद किया है और इस व्यवसाय से जुड़कर हमारी ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।

## केव्हीके कर्मचारी-अधिकारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारी, कर्मचारी अपनी वेतन विसंगति, अपूर्ण वेतन भुगतान एवं वैधानिक सेवा-लाभों की बहाली की मांग को लेकर जारी अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल सह धरना-प्रदर्शन के तृतीय दिवस में प्रवेश कर चुके हैं। संघ ने जानकारी देते हुए बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल के तृतीय दिवस तक भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए कोई ठोस, लिखित अथवा समयबद्ध पहल नहीं की गई है। न तो किसी प्रकार का समाधान प्रस्तुत किया गया, और न ही संघ से वार्ता के लिए कोई औपचारिक प्रयास किया गया। परिणाम स्वरूप कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारियों, कर्मचारियों की समस्याएं आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। संघ ने बताया कि गत 16 से 20 फरवरी 2026 तक आयोजित पांच दिवसीय कामबंद हड़ताल के दौरान भी विश्वविद्यालय प्रशासन को स्पष्ट, वैधानिक एवं समयबद्ध समाधान का अवसर दिया गया था। किंतु प्रशासनिक निष्क्रियता, टालमटोल एवं जिम्मेदारी से बचने के रवैये के कारण कर्मचारियों को विवश होकर आंदोलन को 23 फरवरी 2026 से अनिश्चितकालीन स्वरूप देना पड़ा। संघ पुनः यह दोहया है कि समस्याओं के निराकरण से संबंधित सभी वैधानिक पत्र, दिशा-निर्देश एवं न्यायालयीन आदेश पूर्व से ही उपलब्ध हैं, जिनका अनुपालन सुनिश्चित करना विश्वविद्यालय प्रशासन का दायित्व है। इसके बावजूद निरंतर विलंब, टालमटोल एवं संवादहीनता कर्मचारियों को आंदोलन के लिए विवश कर रही है। कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारी, कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी की जाती है उनहीं हड़ताल जारी रहेगी।

**इस योजना से आसान हुआ रसोई का काम, मिला सुरक्षित भविष्य**

# उज्ज्वला योजना 3.0 से जिले कें 1339 परिवारों को मिली धुआं से मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वच्छ रसोई केवल सुविधा नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और सम्मानजनक जीवनशैली की पहचान है। पारंपरिक चूल्हों के धुएँ से जूझ रही महिलाओं को राहत देने के लिए संचालित उज्ज्वला योजना 3.0 आज गरीब और ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को धुएँ से मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित रसोई का लाभ मिल रहा है।

कबीरधाम जिला में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत 1339 नए गैस कनेक्शन पात्र हितग्राहियों को प्रदान किए गए हैं। इन कनेक्शनों से उन परिवारों को सबसे अधिक राहत मिली है, जो अब तक लकड़ी, उपले या कोयले से खाना बनाने को मजबूर थे। गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को धुएँ से मुक्ति मिली है और रसोई का काम भी पहले से आसान व सुरक्षित हो गया है।

यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य की रक्षा हो रही है, बल्कि महिलाओं का समय भी बच रहा है, जिसे वे अब बच्चों की पढ़ाई, स्वरोजगार या अन्य उपयोगी कार्यों में लगा पा रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में उज्ज्वला योजना ने सामाजिक बदलाव भी लाया है। पहले जहां महिलाओं को ईंधन के लिए जंगलों में घंटों भटकना पड़ता था, वहीं अब घर बैठे सुरक्षित और स्वच्छ ईंधन उपलब्ध है। इससे महिलाओं की सुरक्षा भी बढ़ी है और जीवन स्तर में सुधार आया है। उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत दिए गए ये नए कनेक्शन केवल गैस सिलेंडर नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, सम्मान और सुविधाजनक जीवन की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

यह योजना वास्तव में महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उज्ज्वला योजना 3.0 के संबंध में ऐसे सभी व्यक्ति पात्रता होंगे जो 10 हजार रूपये प्रति माह से कम आय अर्जित करते हो, व्यावसायिक कर का भुगतान ना करते हो, आयकर का भुगतान ना करते हो, परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में ना हो, पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाला परिवार ना हो, 50,000 रूपये से अधिक की क्रेडिट सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड धारित ना हो, एक सिंचाई उपकरण के साथ 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि का स्वामी ना हो, दो या अधिक फसल मौसमों के लिए 5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमिस्वामी धारक ना हो, कम से कम एक सिंचाई उपकरण के साथ कम से कम 7.5 एकड़ या इससे अधिक भूमि का स्वमी ना हो।

# कलेक्टर ने बाल विवाह उन्मूलन और बेसहारा बच्चों के संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 (यथा संशोधित 2021) के तहत गठित विभिन्न समितियों की त्रैमासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों तथा सड़कों पर रहने वाले, बेसहारा एवं श्रम में संलग्न बच्चों के संरक्षण व पुनर्वास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा वर्ष 2028-29 तक छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत वर्ष 2025-26 तक कबीरधाम जिले के कुल 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिक्षा, पंचायत, नगरीय प्रशासन सहित अन्य विभागों के साथ समन्वय कर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्कूलों, ग्राम पंचायतों, धार्मिक स्थलों एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में सड़कों पर रहने वाले बच्चों तथा अपशिष्ट संग्रहक, भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम में संलग्न बच्चों का संरक्षण, सुरक्षा एवं पुनर्वास पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक देखरेख एवं संरक्षण उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रचार-प्रसार और अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसमें वे बच्चे भी शामिल हैं जो दिन में सड़कों पर रहते हैं और रात में झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों में अपने परिवार के पास लौटते हैं, साथ ही वे बच्चे जो परिवार सहित सड़कों पर जीवन यापन कर रहे हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि बेसहारा एवं देखरेख की आवश्यकता वाले बच्चों से संबंधित अभियान को जिले में और अधिक व्यापक रूप से संचालित किया जाए।